हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 20 मई 2024

तापमान
अधिकतम 42.6 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री











महावीर
डेव्लपर्स & कंस्ट्रक्शन
2 बीएचके
3 बीएचके
भिलाई शहर के प्राईम लोकेशन पर
रो हाऊस उपलब्ध
ऑफिस : मनसा कॉलेज के सामने कुरूद, भिलाई
8962925767, 7898523243
9806805510, 9098532856



## परेशानी : बढ़ सकते हैं दूध के दाम, ट्विनसिटी में 2650 डेयरियों पर महंगाई की मार

# दुधारू पशुओं और चारे का रेट 25 फीसदी बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

इन दिनों दुधारू पशुओं और पशु चारे के दाम में 25 से 30 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। दुधारू पशुओं में भैंस और जर्सी गाय की डिमांड ट्विनसिटी में सबसे ज्यादा है। इसलिए ये हरियाणा जैसे राज्यों से शहर में लाए जा रहे हैं। पिछले साल की अपेक्षा दुधारू पशुओं के दाम में 30 प्रतिशत और चारे में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस हिसाब से दूध के दाम भी बढ़ सकते हैं।






| प्रजाति | संख्या | दूध दे रही |
|---|---|---|
| गाय | 5351946 | 1284160 |
| भैंस | 606286 | 180719 |
| बकरी | 2751324 | 776565 |
| टोटल | 8709556 | 2241444 |

दाम में लगातार बढ़ोतरी

### 2650 डेयरियां हैं भिलाई-दुर्ग में

भिलाई- दुर्ग क्षेत्र में 2 हजार 650 डेयरियां संचालित हैं। इन डेयरियों से हॉटलों और लोगों को दूध की सप्लाई होती है। डेयरी संचालकों के मुताबिक दुधारू पशुओं में भैंस और जर्सी गाय ही ज्यादा दूध देती है। इसलिए डेयरियों में इन दोनों तरह के पशुओं की डिमांड होती है। डेयरी संचालकों की दिक्कत इन दिनों बढ़ गई है। इसलिए कि पशुओं और पशुचारे के दाम निरंतर बढ़ते जा रहे हैं।

### हरियाणा से इस दाम पर आ रहा हैं पशुधन

डेयरी संचालकों के मुताबिक एक जर्सी गाय की कीमत इन दिनों 80 हजार से 1 लाख रुपए की है। जो करीब 15 से 25 लीटर तक दूध देती है। इसी तरह मुर्रा नस्ल की भैंस के दाम 1.75 लाख रुपए हो गई है। इसके पहले इसकी कीमत करीब 30 प्रतिशत कम थी। दूधारू पशुओं में और भी नस्ल हैं जिनकी डिमांड रहती है लेकिन उसके दाम भी बढ़े हैं।

### पशुचारे में इस तरह हुई है बढ़ोतरी

बाजार में पशुचारे के दाम बढ़े हैं। डेयरी संचालक बताते हैं कि मक्का- 20 रुपए किलो से बढ़कर 25 रुपए किलो हो गई है।कनकी 11 रुपए किलो से बढ़कर 21 रुपए किलो,मक्का 20रुपए किलो से 25 रुपए किलो,राहर 27.50रुपए किलो से 29 रुपए किलो, चोकर 20 रुपए किलो से 24 रुपए किलो और बिनौला 28 रुपए किलो से 34 रुपए किलो हो गई है। चारे के अन्य चीजों में दाम इसी तरह के बढ़े हैं।

### मिलावटी चारे की वजह से परेशान हैं पशुपालक

एक तरफ तो बाजार में चारे के दाम बढ़ रहे हैं और दूसरी तरफ मिलावटी चारे भी बिक रहे हैं। डेयरी संचालक बताते हैं कि दालों के रवा में कंकड़ मिला हुआ है। सरसों की खली में पुट्ठे और उड़दा मिट्टी मिक्स बाजार में मिल रहे हैं। इसी तरह अन्य पशुचारें में भी क्वालिटी दाम के हिसाब से अच्छी नहीं है। वे बताते हैं कि इसकी पुष्टि इसलिए हो रही है कि जब पशुओं को चारा खिलाने के बाद पात्र के नीचे मिट्टी और कंकड़ की लेयर जम जाती है।

### सेहत से खिलवाड़-केमिकलयुक्त दूध का खतरा भी बढ़ा

मार्केट में जो दूध लोग खरीद रहे हैं वह केमिकलयुक्त भी हो सकता है। इसकी वजह यह माना जा रहा है कि जब पशुओं के और चारे के दाम बढ़े हैं और दूध के दाम 55 रुपए लीटर खरीदे जा रहे हैं। पशु ज्यादा दूध दें इसके लिए इंजेक्शन का भी इस्तेमाल होते हैं। इसलिए ये दूध भी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। पशुपालकों का कहना है कि मंहगाई के इस दौर में दूध का रेट प्रति लीटर 70 रुपए से भी ज्यादा होना चाहिए।

### दुर्ग-भिलाई में दूध की खपत

प्रदेश में दूध का उत्पादन बढ़ा है, लेकिन प्रति व्यक्ति उपलब्धता के लिहाज से अभी भी हालात संतोषजनक नहीं है। सात साल पहले जहां प्रतिदिन 13.87 लाख टन दूध का उत्पादन हो रहा था, वहीं यह पिछली बार 25.95 फीसदी बढ़कर 19.17 लाख टन पहुंच गया। इससे प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता में भी करीब 18 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, लेकिन राष्ट्रीय औसत की तुलना में इसके बाद भी प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 37.43 फीसदी यानी करीब एक तिहाई ही है। प्रदेश में यह आंकड़ा 156 ग्राम प्रति दिन तक पहुंच पाया है।

### प्रति व्यक्ति हर दिन 156 ग्राम

उपलब्धता प्रदेश में 87.09 लाख दुधारू पशुधन हैं। इनमें 53.52 लाख गौ, 6.06 लाख भैंस व 27.51 लाख बकरियां हैं। इनमें से 23.99 फीसदी यानी 12.84 लाख गायें दूध दे रही हैं। वहीं 29.80 फीसदी भैसों और 28.22 फीसदी बकरियों से ही दूध मिल रहा है। इससे प्रदेश में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन दूध की उपलब्धता महज 156 ग्राम तक पहुंच पाया है। यह राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 406 ग्राम है।

### पिछले सात साल में दूध की उत्पादकता और प्रति व्यक्ति उपलब्धता

| वर्ष | दूध उत्पादन (लाख टन) | –प्रति व्यक्ति (प्रति ग्राम) |
|---|---|---|
| 2016-17 | -13.87 | -134 |
| 2017-18 | -14.69 | -137 |
| 2018-19 | -15.67 | -143 |
| 2019-20 | -16.77 | -152 |
| 2020-21 | -17.47 | -154 |
| 2021- 22 | -18.37 | -155 |
| 2022-23 | -19.17 | -156 |

### पशुचारे में इस तरह हुई बढ़ोतरी

| चारा | पहले के दाम | अब के दाम |
|---|---|---|
| उड़दा- | 20 रुपए किलो | 23 रुपए किलो |
| मक्का- | 20 रुपए किलो | 25 रुपए किलो |
| कनकी- | 11 रुपए किलो | 21 रुपए किलो |
| मक्का- | 20 रुपए किलो | 25 रुपए किलो |
| राहर - | 27.50 रुपए किलो | 29 रुपए किलो |
| चोकर- | 20 रुपए किलो | 24 रुपए किलो |
| बिनौला- | 28 रुपए किलो | 34 रुपए किलो |
| सरसों खली- | 32 रुपए किलो | 36 रुपए किलो |
| पोहे का चूरा- | 15 रुपए किलो | 21 रुपए किलो |
| चना चूनी- | 22 रुपए किलो | 30 रुपए किलो |
| चना फल्ला- | 20 रुपए किलो | 26 रुपए किलो |
| पैराकुट्टी- | 2.50 रुपए किलो | 4 रुपए किलो |

इसलिए बढ़ सकते हैं दूध के दाम

## खबर संक्षेप

### श्रमिक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** ठेका श्रमिक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर-9 अस्पताल ठेका श्रमिक के रुप में काम कर रहे भावेश निर्मलकर ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शव को पुलिस ने पीएम के लिए शास्त्री अस्पताल भेज दिया है। भावेश रविवार की दोपहर ग्राम ढौर गांव स्थित अपने मकान में फांसी लगा ली। घटनास्थल से पुलिस को एक सुसायडल नोट भी मिला है। जिसमें आत्महत्या का कारण नहीं लिखा है बल्कि नौकरी से मिलने वाली पीएफ और अन्य रकम को परिजनों को देने की बात लिखी हुई है। पुलिस ने बताया कि भावेश के आत्महत्या मामले में कारण जानने के लिए दोस्तों समेत परिजनों से पूछताछ करेगी।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत



**कुम्हारी।** मंदिर हसौद के ग्राम खुटेरी निवासी मानिकचंद यादव पिता स्व.तोरण यादव एवं शीतल यादव पिता रामआश्रय एक मोटर साइकिल पर भिलाई अपने रिश्तेदार को अस्पताल में देखने आये हुए थे। शाम लगभग 7:30 बजे वे घर लौट रहे थे कि अचानक अज्ञात वाहन ने कांजी हाऊस कुम्हारी में पीछे से ठोकर मारी दी जिससे मोटर साइकिल डिवाइडर से टकरा गई। डिवाइडर से टकराने से मोटर साइकिल चालक शीतल के सिर पर गंभीर चोट आई । 112 पोट्रोलिंग को ज्ञात होने पर घायल दोनों को कुम्हारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाया गया।जहां शीतल यादव उम्र 28 वर्ष की मौत हो गई एवं शीतल यादव उम्र 30 वर्ष,गंभीर रूप से घायल हो गया।थाना कुम्हारी में अज्ञात वाहन के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। टाटीबंध से सुपेला तक फ्लाईओवर बनने के बाद गाड़ियों की रफ्तार बढ़ गई है। अनियंत्रित व तेज गति वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभी तक कार्रवाई शुरु नहीं होने की वजह से आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है। वाहनों की गति पर अंकुश लगाने की मांग की जा रही है।

# सड़क किनारे खड़े आटो की चोरी करने वाले दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सड़क किनारे सडी एप्पे वाहन को चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नायापारा खोपली उतई निवासी विकास कुमार साहू ने शिकायत किया था कि उनकी आटो एप्पे सीजी 07 बी.डब्ल्यू 2432 को गायत्री मंदिर के पास रोहित आटो पार्टस दुकान के सामने से अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया। जिसकी कीमत 2.50 लाख रुपए है। चोरी की शिकायत के बाद एसीसीयू की टीम और उतई पुलिस ने आरोपी की तलाश में जुटी रही। पुलिस ने आसपास में लगे सीसीटीवी फूटेज का अवलोकन किया। जिसमें दो युवक दिखाई दे रहे थे। उनका हरकत संदिग्ध दिख रहा था। पुलिस ने तकनीकी सहायता से युवकों की शिनाख्त किया। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना नाम पलारी जिला बलौदा बाजार निवासी बिजेन्द्र बंजारे और आकाश नगर बीरगांव थाना खमतराई सुनील भारती बताया है। पुलिस ने ग्राम घिरघोल में दबिश दिया गया आरोपी अपने चाचा भागी बंजारे के साथ उतई बाजार में आकर सड़क किनारे खड़ी एप्पे आटो को रस्सी से चालू कर चोरी कर उसे घिरघोल लेकर गया। इसके पहले भी भागी बंजारे ने एक अन्य एप्पे आटो को अपने घर के पास छिपाकर रखे है। आरोपी बिजेन्द्र ने पुलिस को बताया कि चाचा भागी बंजारे पूर्व में बिलासपुर से 1 नीले रंग की एप्पे आटो को चोरी करना बताया है। आरोपी सुनील भारती बीरगांव रायपुर ने वाहन को पेटिंग कर बदल दिया था। आरोपियों को पकड़ने एसीसीयू प्रभारी कपिल देव पाण्डेय और उतई टीआई मनीष शर्मा की टीम ने किया कार्रवाई।

- आरोपियों से 8 लाख रुपए के सामान भी जब्त किए



### तीन एप्पे वाहन भी जब्त

चोरी की गाड़ी का चेचिस नंबर बदलवाने के बाद ग्राम गोढी मंदिर हसौद रायपुर में बेचना स्वीकार किया। आरोपी बिजेन्द्र बंजारे के बताये मुताबिक अन्य आरोपी सुनील भारती से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। दोनों आरोपियों के निशादेही पर 3 एप्पे वाहन को पुलिस जब्त किया। कार्रवाई में एन्टी क्राईम, सायबर यूनिट सउनि चन्द्रषेखर सोनी, प्रआर संतोष मिश्रा, रूमन सोनवानी, चन्द्रशेखर बंजीर, आर पंकज ,अश्वनी यदु, मेघराज चेलक, अजय ढ़ीमर विक्रांत यदु और उतई से सउनि राजकुमार देशमुख समेत अन्य पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

# पावर हाउस रेलवे स्टेशन में शुरु हुई नई सुविधा




हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की योजना के अंतर्गत मोबाइल वैन के माध्यम से भारत आटा और भारत चावल बेचने के लिए रायपुर, दुर्ग, भिलाई पावर हाउस, भाटापारा, धमतरी रेलवे स्टेशनों के परिसर में अनुमति प्रदान की गई है। शनिवार से इन स्टेशनों में भारत ब्रांड आटा, चावल व दाल की बिक्री शुरू हो गई है। भारत ब्रांड आटा, चावल व दाल की बिक्री के लिए यह अनुमति तीन महीने की अवधि अर्थात 18 मई से 17 अगस्त 2024 तक के लिए दी गई है। भारत आटा और भारत चावल की मोबाइल वैन वेंडिंग को शाम को 2 घंटे शाम 4 बजे से 6 बजे तक के लिए उपलब्ध रहेगी। भारत आटा 27.50 रुपए प्रति किलो एवं भारत चावल 29 रुपए प्रति किलो के हिसाब से नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

- मोबाइल वेन के माध्यम से मिलेगा भारत आटा व भारत चावल

### धारदार हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** धारदार हथियार के साथ युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 324, 34 भादवि, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि गौतम नगर सुपेला निवासी रोहन कुमार लक्ष्मी मार्केट स्थित दुकान से वापस आ रहा था। इस दौरान आरोपी नशा उर्फ चिंटू बिना कारण गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। हाथ में रखे धारदार हथियार से पीड़ित पर हमला कर दिया। घटना में पीड़ित के हाथ, कोहनी, गाल, गर्दन में चोट आई है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी राजीव नगर सुपेला निवासी चिंटू सोनकर उर्फ सिंटू सोनकर उर्फ नशा को गिरफ्तार किया गया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## लोगों के लिए पेयजल की समस्या भी बढ़ी

# कुटेलाभाठा तालाब में नहीं भरा पानी, निस्तारी संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

ग्राम पंचायत कुटेलाभाठा वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 में भिलाई आईआईटी से लगा हुआ तालाब का पानी गर्मी की वजह से सूख गया है। में सूख गया है। जिसकी वजह से आसपास के गली मोहल्ला के हैण्डपंप एवं घरों के बोर का जल स्तर नीचे चला गया है। जिसके कारण तालाब किनारे गली के हैण्डपंप एवं बोर में पानी आना बंद हो गया।




### इस साल नहीं भरा पानी

इस ग्रीष्म ऋतु में आईआईटी के अंदर से जेवरा सिरसा की ओर पानी गया लेकिन कुटेलाभाठा में पानी नहीं भरा गया। जिसके कारण वार्ड क्रमांक 4 एवं 6 के ग्रामीणों को तालाब में नहाने, कपड़ा धोने, घरों के बोर एवं गली मोहल्ला के हैण्डपंप में पानी नहीं आने से निस्तारी करने में परेशानी उठानी पड़ रही है। गावं में पानी टंकी बना है। घर- घर शौचालय और घर-घर नल जल योजना के तहत हर घर जल नल लगाये गये है परन्तु वह अभी तक चालू नहीं किया गया। जब से बना है तब से बंद पड़ा है। अभी तक उद्घाटन भी नहीं हुआ है।

### रास्ते को कर दिया है बंद

ग्रामीणों ने बताया कि भिलाई आईआईटी के द्वारा तालाब में पानी भरने के रास्ते को बंद कर दिया है। जबकि उसी नहर नाली से आईआईटी के अंदर से जेवरा सिरसा की ओर पानी जाता है। पूर्व में कुटेलाभाठा तालाब में नहर के माध्यम से पानी भरा जाता था लेकिन आईआईटी के बनने से तालाब में पानी जाना बंद हो गया और न ही आई आईआईटी के द्वारा तालाब में पानी भरने के लिए अलग से कोई नाली नहीं बनायाा। न नाली बना रहा है और न ही तालाब में पानी भरने के लिए कोई पाईप लाईन बिछा रहा है। जिसके कारण तालाब के किनारे रहने वाले वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 के ग्रामीणों को दिक्कतें आ रही है।

### नलों से नहीं आता पानी

वार्ड क्रमांक 4 में धना साहू के घर से लगा हुआ सार्वजनिक नल में पानी का प्रेशर कम होने से ठीक से पानी नहीं आता है। जिसके कारण वहां के लोग पानी भरने के लिए आने से भीड़ हो जाती है। भीड़ होने पर पानी किसी को ज्यादा मिलता है तो किसी कम मिलता है। किसी को पीने का पानी नसीब नहीं होता। जिसके कारण पानी के लिए हर दिन वाद.विवाद होता है।

### निस्तारी के लिए भरते हैं तालाब


हर गर्मी में इस तालाब को नहर के माध्यम से पानी भरना पड़ता है। पानी तालाब में भरने से ग्रामीणों की निस्तारी हो पाती है। इससे आसपास के गली मोहल्ला के हैण्डपंपों और घरों के बोर में पानी आ जाता है। जिससे पानी का किल्लत दूर होती है।

### नाली बनाने और सौंदर्यीकरण की मांग

ग्रामीणों ने कहा है कि भिलाई आईआईटी से लगा हुआ कुटेलाभाठा का तालाब और नहर नाली लगभग 100 मीटर दूर होगा। अगर आईआईटी के द्वारा नहर नाली से तालाब तक पानी भरने लिए नाली बनाकर दे दिया जाए तो तालाब में हमेशा पानी भरा रहेगा।पानी का स्रोत बढ़ जाने से ग्रीष्म ऋतु में तालाब के आसपास के गली मोहल्ला के हैण्डपंप एवं घरो के बोर का जल स्तर नहीं सूखता। हैण्डपंप एवं बोर में हमेशा पानी मिलता है। कुटेलाभाठा में तालाब का सौंदर्यीकरण कराकर नहर नाली से तालाब तक नाली बनाकर या खोदाई कराकर पाईप लाईन बिछाकर शीघ्रता से ग्रीष्म कालीन हेतु तालाब में पानी भरवाने की मांग की।

आवश्यकता है
हरिभूमि
छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र में टीम लीडर एवं प्रसार सहायक की आवश्यकता है। जिसका हेड क्वाटर राजनांदगांव शहर होगा। कार्यक्षेत्र राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा, कवर्धा जिला रहेगा।
पद : टीम लीडर - 1 पद
योग्यता : स्नातक, उम्र- 25-30 वर्ष
वेतन 12,000 + 2000
पद : प्रसार सहायक - 5 पद
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक, उम्र- 20-30 वर्ष
वेतन 10,000 + 2000
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ दिनांक 20 मई से 25 मई 2024 तक निम्न ईमेल आईडी एवं व्हाटसअप नम्बर पर तुरंत संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर
8370049468, 9098324969
Email id: cir.haribhoomi@gmail.com

## खबर संक्षेप



### सप्लीमेंट्री परीक्षा 15 जुलाई से

**दुर्ग।** सीबीएसई बोर्ड ने 10 वीं में 1.32 लाख और 12वीं में 1.22 लाख विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री परीक्षा की श्रेणी में रखा है। जो छात्र अपने सीबीएसई 10वीं, 12वीं रिजल्ट से असंतुष्ट है वे सीबीएसई सप्लीमेंट्री परीक्षा 2024 के लिए आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन 15 जुलाई से किया जाएगा। 12वीं के छात्र एक विषय और 10वीं के छात्र दो विषय में परीक्षा दे सकेंगे। 12वीं कक्षा के विद्यार्थी को एक विषय में पूरक परीक्षा के जरिए अपने मार्क्स में सुधार करने का मौका दिया जाएगा। 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दो विषयों में यह मौका मिलेगा। तीन श्रेणियों के छात्र पूरक परीक्षा देने की अर्हता रखते हैं। पहली श्रेणी में 10वीं कक्षा के वे छात्र हैं जो दो विषयों में पास नहीं हो सके हैं। 12वीं के एक विषय में पास नहीं होने वाले छात्रों को कम्पार्टमेंट श्रेणी में रखा है। दूसरी श्रेणी में वे हैं जिन्हें 6वें और 7वें विषय के आधार पर उत्तीर्ण घोषित किया गया है। तीसरी श्रेणी में अपने प्रदर्शन में सुधार चाहने वाले छात्र हैं।

### सार्वजनिक बुद्ध जयंती समारोह 23 को

**दुर्ग।** सार्वजनिक बुद्ध जयंती समारोह का आयोजन 23 मई वैशाख पूर्णिमा को किया गया है। बौद्ध कल्याण समिति कोसानगर के अध्यक्ष नरेन्द्र शेन्डे ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा त्रिगुण पावन पूर्णिमा कहलाती है। बौद्ध धम्म में वैशाख पुर्णिमा को धार्मिक वातावरण में आयोजित किया जाता है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बौद्ध कल्याण समिति कोसानगर द्वारा बुद्धभूमि परिसर कोसानगर में 23 मई को पूज्य भंते संघ पूज्य भंते महेन्द्र, भंते जीवक व भंते धम्मततप के सानिध्य में बुद्ध पूर्णिमा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित भंते संघ की धम्मदेशना पश्चात दिल्ली के पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेन्द्र पाल गौतम का उद्बोधन होगा।

### समर कैंप में बच्चों ने सीखा मेहंदी लगाना

**दुर्ग।** शासकीय प्राथमिक शाला पथरिया में छात्र छात्राओं को समर कैंप में हाथों पर मेहंदी रचना सिखाया गया। छोटे-छोटे कार्टून बनाना भी सिखाया गया। छात्रों ने अपनी जिज्ञासा से विभिन्न प्रकार के चित्र बनाए और इसे उपस्थित पालकों के सम्मुख प्रदर्शित करते हुए प्रेरणा और प्रशंसा प्राप्त की। इस अवसर पर प्रधान पाठक इंदुमती आदिल, सहायक शिक्षक झरना देशमुख, संकुल समन्वयक चितेंद्र कोठारी व संकुल प्रभारी हरमुख उपस्थित थे।

### 4 जून को मतगणना

**दुर्ग।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना 04 जून 2024 को संपन्न होगी। आयोग के निर्देशानुसार उक्त तिथि को मतगणना स्थल पर मतगणना कार्य पूर्वान्ह 8 बजे से प्रारंभ होगी।

# पीएचई की सरकारी जमीन को प्लाटिंग कर बेचा, सफेदपोशों पर मेहरबानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिका निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र में स्थित पीएचई की सरकारी जमीन में अवैध प्लाटिंग कर बेचने का मामला सामने आया है। साल भर पहले इसकी शिकायत हुई थी लेकिन यहां के अधिकारियों की मेहरबानी के चलते जमीन जलालों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

जिसकी लिखित शिकायत भारतीय जनता युवा मोर्चा, श्रीराम जन्मोत्सव समिति के सदस्यो ने किया था। मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई 3 स्थित उम्दा डायवर्सन मुक्तिधाम के पीछे पीएचई विभाग की जमीन का खसरा नंबर 326/16, 356/2, 361/3, 361/ 4 में दो पुलों के मध्य बीच का पानी का बहाव था।लेकिन वर्तमान में सरकारी जमीन पर मुरम डालकर रोड रास्ता तैयार कर अवैध प्लाटिंग का बड़ा खेल किया गया। पीएचई विभाग की जमीन के सीमांकन वर्ष सितंबर 2022 में पत्र भी लिखा गया था। इस सरकारी जमीन में हुए अवैध प्लाटिंग को लेकर जांच करने के लिए शिकायत भी कई बार किया गया है। इसके अलावा तहसीलदार को भी जांच के लिए ज्ञापन सौंपा गया है। बावजूद सरकारी जमीन पर अवैध प्लाटिंग का खेल करने वाले भिलाई-चरोदा के बडे लोगों का बड़ा हाथ होना सामने आया है। इसे लेकर महामंत्री श्रीराम जन्मोत्सव समिति भिलाई तीन रुपेन्द्र यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजयुमो सदस्य वरुण यादव ने भी निष्पक्ष जांच के लिए ज्ञापन सौंपा है।

### प्लाटिंग करने वालों को संरक्षण

पीएचई विभाग के जमीन पर हुए अवैध प्लाटिंग करने वालों को भिलाई-चरोदा के अधिकारियों द्वारा पूरी तरह से संरक्षण दिया गया।इसके कारण ही इतनी बड़ी सरकारी जमीन के नाला को डायवर्ड कर मुरम पाटकर प्लाटिंग कर दिया गया। इस अवैध प्लाटिंग में दर्जन भर सफेद पोश शामिल है।इसकी शिकायत होने के बाद सभी अपनी-अपनी सेटिंग करने में लगे रहे। उक्त जमीन पर मकान भी तनना शुरु हो गया है।इस अवैध प्लाटिंग की जांच सही तरीके से करने पर कई बडे सफेद पोश की पोल खुलकर सामने आएगी।

### साल भर हो गई शिकायत किए लेकिन कार्रवाई नहीं



### जमीन हमारी है

पीएचई की ही जमीन है। इसे लेकर आरआई से शिकायत भी की गई है। लेकिन उनके द्वारा अभी तक कुछ भी नहीं किया गया है। जहां पर प्लाटिंग हुआ है। उक्त जमीन हमारी है।

**-राजेन्द्र सोनी**, एसडीओ पीएचई विभाग

### प्रभावशाली लोगों ने की प्लाटिंग

भिलाई-3 के कुछ प्रभावशाली के करीबियों को शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा कराया सिंचाई विभाग के नाले को पाट कर अवैध प्लाटिंग में संरक्षण दिया। इसकी शिकायत की गई है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

**तेजस पाल**, सदस्य भाजयुमो

## राजनीति : कांग्रेस और भाजपा संगठन ने अपने-अपने नेताओं की लगाई ड्यूटी

# दुर्ग के बाद जिले के सभी नेता ओडिशा झारखंड और यूपी चुनाव में बहा रहे पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

चौथे चरण का मतदान निपटने के बाद दुर्ग जिले के भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज झारखंड, ओडिशा और उत्तरप्रदेश में पसीना बहा रहे है। दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व में जिले के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी दी है। इन प्रांतों में छत्तीसगढ़ के लोग बड़ी संख्या में निवासरत है। इसकी वजह से दुर्ग जिले के नेताओं का उपयोग इन प्रांतों में किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायबरेली उत्तरप्रदेश के प्रभारी है। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव श्री बघेल के साथ रायबरेली में कदमताल कर रहे है। देवेंद्र ने रायबरेली में कांग्रेस के बड़े मंच संचालन भी किया। इस मंच पर सोनिया, राहुल गांधी सहित तमाम दिग्गज मौजूद थे। वहीं दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी व सांसद विजय बघेल प्रयागराज में ढेरा डाले हुए है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन झारखंड में पार्टी के पक्ष में पसीना बहा रहे है। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ओडिशा में पार्टी की कमान सम्हाले रहे है।

### लोकसभा क्षेत्र फूलपुर में सांसद विजय बघेल ने संभाला चुनावी मोर्चा



दुर्ग सांसद विजय बघेल प्रयागराज में चुनाव प्रचार कर रहे है। लोकसभा चुनाव में प्रयागराज से भाजपा के प्रत्याशी को विजय बनाने खूब मेहनत कर रहे हैं। लगातार प्रचार प्रचार कर रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों के साथ ही भजापा पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। इसी कड़ी में चुनाव कार्यालय विधानसभा शहर पश्चिम फूलपुर लोकसभा ट्रांसपोर्टनगर में बैठक लिए। बैठक करके लोगों को देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के बारे में बताया। इसके बाद दूसरी बैठक वार्ड 18 हरवारा, वार्ड 25 लाल विहार, बमरौली प्रयागराज में बैठक आयोजित की गई। जहां सांसद विजय बघेल ने सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के हित और विकास के लिए, भारत को एक बार फिर से विश्व गुरू बनाने के लिए, विश्व के तीसरे नंबर का सबसे शक्तिशाली देश बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। 500 साल से हमारे आराध्य प्रभु श्री राम एक छोटी सी कुटिया में रहे। आज अयोध्या में विश्व का सबसे बड़ा, भव्य मंदिर भगवान बनवाएं है। हमारे राम लला की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। इस अवसर पर बैठक में रामजी, कमलेश सिंह, प्रयाग दत्त गुप्ता, शिवकुमार पार्षद वार्ड 18, बाबूलाल, नन्दू पासी, राधामोहन अग्रवाल, राधा मोहन अग्रवाल राष्ट्रीय महासचिव, सिद्धार्थ नाथ सिंह पूर्व मंत्री विधायक पश्चिम, राजेंद्र मिश्राजी महानगर अध्यक्ष, अनीताा त्रिपाठी प्रभारी शहर पश्चिम, रवी केसरवानी, राजेश पटेल आदि उपस्थिति रहे।

### ओडिशा में भाजपा के पक्ष में समर्थन जुटा रहे दुर्ग विधायक गजेंद्र

दुर्ग। ओडिशा में लोकसभा चुनाव में प्रचार करने विगत दो दिनों से विधायक गजेंद्र यादव ओडिशा प्रवास पर है। ओडिशा के बागो मुंडा में असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिश्व शर्मा के आमसभा में शामिल हुए। श्री यादव ने ओडिशा के पटनायक सरकार की खामिया गिनाते हुए ओडिशा की जनता से कहा कि भाजपा का संकल्प ही मोदी की गारंटी है। बीजेपी प्रत्याशी लक्खमन यादव और संगीता कुमारी सिंह को आशीर्वाद देकर ओडिशा में बदलाव लाने अपील की।



### ललित झारखंड में ले रहे चुनावी सभा



दुर्ग। झारखंड, टुमका लोकसभा क्षेत्र दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर को भाजपा ने झारखण्ड सोरठ विधानसभा क्षेत्र की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने झारखण्ड के लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है। जहां वे भाजपा प्रत्याशी सीता सुरेन के पक्ष में प्रचार प्रसार कर रहे है और पसीना बहा रहे है। सारठ विधानसभा क्षेत्र प्रभारी विपिन देव संयोजक रविन्द्र नाथ तिवारी खागा मंडल अध्यक्ष कामदेव यादव ,गणेश मंडल, धनो महतो,महावी यादव,माधव कुमार मण्डल, उत्तम गोराई अर्जुन राय , यमुना राय,निर्मल राय,राजेश यादव, सुसांत तांती, प्रमिला राय, महेश्वर भंडारी अनिल महतो, अनंत कुमार, प्रदिप कुमार मण्डल, योगेंद्र कुमार, कौशल कुमार,श्रवण सुनील मंडल,साधन मंडल गणेश राय आदि उपस्थित थे।

# छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने किया श्रुति का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने सीबीएसई 12 वीं में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली अग्रवाल समाज की श्रुति अग्रवाल का सम्मान किया गया। श्रुति को मोमेंटो, बुके व चांदी का सिक्का प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल एवं प्रदेश महासचिव मनोज अग्रवाल ने कहा कि प्रतिभाएं वह प्रकाश पुंज होती हैं जो अपनी आभा से आसपास के वातावरण को सुरभित करती हैं। इसी के तहत उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा सीबीएसई 12जी में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली भिलाई की अग्रवाल समाज की बेटी श्रुति अग्रवाल का मोमेंटो, बुके एवं चांदी के सिक्के प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। संगठन के संरक्षक महेंद्र सक्सेरिया एवं जयदेव सिंघल ने छात्रा की कठिन परिश्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि श्रुति ने पूरे अग्रवाल समाज को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में भी समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। समाज के कोषाध्यक्ष राधेश्याम कृतिकाने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को संगठन द्वारा ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाता है, ताकि वे धन के अभाव में शिक्षा से वंचित न हो। सम्मान समारोह के अवसर पर मुख्य रूप से संजय गर्ग, पंकज कृतिका, आशीष सक्सेरिया सहित संगठन के मुख्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डॉक्टर बनना चाहती है श्रुति

श्रुति अग्रवाल ने कहा कि वह भविष्य में डॉक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहती है। संगठन द्वारा श्रुति के माता पिता का भी दुपट्टा पहना कर अभिनंदन किया गया। शैलेंद्र अग्रवाल ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने बिटिया का सम्मान कर उसे आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा प्रदान की है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ अग्रवाल संगठन सेवा के सभी क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाते आया है।

# बादल छाने के बावजूद भी बढ़ रहा तापमान



**दुर्ग।** बीच बीच में आसमान में बादल छाए रहने के बावजूद दुर्ग में पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया है। अधिकतम तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार तापमान में आगे और वृद्धि हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक अधिकतम तापमान में फिलहाल कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है बल्कि आगे 2 से 3 डिग्री तक तापमान में वृद्धि की संभावना है। वहीं न्यूनतम तापमान ने जरूर लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत दी है। न्यूनतम तापमान के मामले बिलासपुर आगे रहा। जानकारी के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण छग से तेलंगाना रायल सीमा होते हुए दक्षिण कर्नाटक तक समुद्र तल से 3.1 किमी पर है। वहीं दूसरी उत्तर उत्तरप्रदेश, बिहार, उपहिमालयी, प बंगाल होते उत्तरी बंगाल तक एवं एक उत्तर द्रोणिका मराठवाड़ा कर्नाटक होते हुए तमिलनाडू के उपर चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर है। विभाग के अनुसार आकाश मेघमय होने से कहीं-कहीं हल्की बारिश के साथ अंधड़ चलने की संभावना है।

# बिरेभाट में आबकारी दस्ते ने मारा छापा, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त आबकारी राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले में अवैध मदिरा विक्रय के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। ग्राम बिरेभाट में अवैध रूप से मदिरा विक्रय का शिकायत प्राप्त होने पर सहायक आयुक्त आबकारी जायसवाल द्वारा प्राप्त शिकायत पर संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए। आबकारी विभाग के वृत्त दुर्ग आंतरिक उत्तर के अंतर्गत ग्राम बिरेभाट में अवैध शराब बिक्री की शिकायत पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती निर्मला ठाकुर मय स्टॉफ द्वारा शनिवार को तड़के सुबह दबिश दी गई। जिसमें आरोपी अजय नौरंगे पिता दिलीप नौरंगे के कब्जे से 50 नग पाव देशी मदिरा मसाला, जिसकी मात्रा 9 बल्क लीटर तथा बाजार मूल्य 5500 रूपये है, जप्त किया जाकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) तहत प्रकरण कायम किया गया। आरोपिया पार्वती नौरंगे पति दिलीप नौरंगे के कब्जे से 18 पाव देशी मदिरा मसाला, जिसकी मात्रा 3.24 बल्क लीटर एवं बाजार मूल्य 1980 रूपये है, जप्त किया जाकर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)ख के तहत प्रकरण कायम किया गया है। उक्त प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी निर्मला ठाकुर, धीरज कन्नौजिया, आबकारी उप निरीक्षण अरविन्द साहू, भूपेन्द्र नेताम, प्रियांक ठाकुर आबकारी मुख्य आरक्षक प्रहलाद सिंह राजपूत, दया राम गोटे, भोजराज रत्नाकर आबकारी आरक्षक लोकनाथ इंदौरिया, संदीप तिर्की ड्राईवर नोहर एवं दुर्गा साहू का सहयोग रहा।

# नैक के नवीन परिवर्तित मानदंड पर आधारित कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- अब ग्रेडिंग नहीं बाइनरी सिस्टम होगा लागू



सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं सेठ बद्रीलाल खंडेलवाल षिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में सुराना महाविद्यालय के सभागार में नैक के नवीन परिवर्तित मानदंड पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. प्रीतालाल डीसीडीसी हेमचंद यादव विष्वविद्यालय उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि नैक के नवीन परिवर्तित मानदंड का मुख्य उददेृश्य सभी संस्थाओं को वैष्विक प्रतिस्पर्धा के लिए अपने आप को प्रस्तुत करना है। देश के उच्च शिक्षा संस्थानों को नैक की ओर से मिलने वाला ग्रेडिंग सिस्टम खत्म हो रहा है। इसकी जगह बाइनरी सिस्टम लागू होगा। नई व्यवस्था में मान्यता प्राप्त संस्थानों को लेवल ऑफ एक्सीलेंस मिलेंगे। उन्हें परिपक्वता के आधार पर 1,2,3,4, और 5 तक दावों के सत्यापन के बाद ये लेवल मिलेंगे। यह व्यवस्था इसी साल दिसंबर में लागू हो सकती है। उन्होंने नैक के पुराने एवं नवीन मानदंड के मध्य अंतर को भी स्पष्ट किया। कार्यशाला में शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उमाकान्ति सिंह, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल, समस्त प्राध्यापकगण तथा घनश्याम सिंह आर्य महाविद्यालय व खालसा महाविद्यालय के प्राध्यापकगण भी उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन आई क्यु ए सी समन्वयक डॉ. प्रमोद यादव एवं मो. हारून रशीद द्वारा आभार व्यक्त किया गया। जिला शिक्षण समिति दुर्ग के अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी एवं सचिव दिलीप इंगले ने कार्यक्रम की सराहना की।

# आईपीएल से कई घर हो रहे बर्बाद जल्द लगाम लगाने की मांग

**दुर्ग।** पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आईपीएल सट्टा पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने की मांग किया है। उन्होंने बताया कि मां-बाप बच्चों से उम्मीद लगाएं बैठे होते है कि बेटा देश और मॉ-बाप का नाम ऊंचा करेगा। परन्तु उनकी संतान आईपीएल व ऑनलाइन फर्जी गेमिंग और बैटिंग एप आदि में फंसा हुआ है। हालात ये हैं कि कई युवक मौत तक को गले लगा चुके हैं। इधर बुक चलाने वाले सौदागार युवकों से खेल-खेल में रुपए कमाकर चांदी कूट रहे हैं। आईपीएल सट्टे में फंसे कई व्यवसायी व आम लोगों के घर और जमीन तक बिक गए, तो कई नौकरी-पेशा वाले युवा लाखों के कर्ज में डूबे हुए हैं। प्रदेश की युवा पीढ़ी बर्बादी के कगार पर है। आईपीएल में सट्टे के काले कारोबार ने युवाओं को बर्बादी की कगार पर ला दिया है। ब्याजखोर सट्टा खिलाने वालों ने ब्याज पर पैसे देकर युवाओं को अपने जाल में फंसा रखा है। अब उन्हें सट्टे की लत इस कदर लग गई है कि वे चाहकर भी इससे अलग नहीं हो पा रहे हैं। सट्टेबाजों ने पूरे प्रदेश में इस तरह जाल बिछा रखा है कि उन्हें पल-पल की जानकारी लग जाती है। इनके कर्ता-धर्ता युवा वर्ग को पैसे देकर सट्टा खिलवाते हैं और समय से पैसे वापस न होने पर ब्याज की शुरुआत हो जाती है। इनके जाल में फंसे युवा समय पर पैसे न दे पाने पर इनकी जी-हुजूरी में लग जाते हैं। एल्डरमैन ने इस जल्द लगाम लगाने की मांग की है।

## केंद्रीय मूल्यांकन 22 मई से आरंभ

# हेमचंद यादव विवि की सेमेस्टर परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- परीक्षा में 28 हजार 5 सौ परीक्षार्थी होंगे शामिल




हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं 46 परीक्षा केन्द्रों पर आरंभ हो गई। प्रातः 9:00 से 12:00 बजे तक आयोजित होने वाली इस परीक्षा में लगभग 28 हजार पांच सौ विद्यार्थी शामिल हो रहे है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने बताया कि सेमेस्टर परीक्षा के प्रथम दो दिनों में एक भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। श्री कुलदीप के अनुसार इन सेमेस्टर परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का केन्द्रीय मूल्यांकन 22 मई से आरंभ होकर सेमेस्टर परीक्षाओं की समाप्ति तक चलेगा। इस संबंध में विश्वविद्यालय के अधिकारियों को उत्तरपुस्तिका का केन्द्रीय मूल्यांकन करवाने संबंधी आदेश प्रसारित किया गया। कुलसचिव श्री कुलदीप के अनुसार विश्वविद्यालय में स्थानाभाव के कारण केन्द्रीय मूल्यांकन के प्रथम चरण में बीएड तथा एमएड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन आरंभ होगा। इसके लिए प्रथम एवं द्वितीय चरण को मिलाकर लगभग 80 योग्य प्राध्यापकों को मूल्यांकन हेतु आमंत्रित किया गया है। द्वितीय चरण में और प्राध्यापकों को मूल्यांकन हेतु आमंत्रित किया जायेगा।

कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने परीक्षा विभाग के समस्त अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देशित किया कि बीएड तथा एमएड के सभी परीक्षा परिणाम 10 जून तक अवश्य घोषित हो जाये। इस बीच कुलपति, डॉ. पल्टा ने वार्षिक परीक्षा 2023-24 के परीक्षा परिणामों में विलंब पर विचार-विमर्श किया तथा सभी मूल्यांकनकर्ताओं से आग्रह किया कि वे शीघ्र उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकित कर विश्वविद्यालय में जमा करें। जिससे परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम शीघ्र जारी कर दिया जाये।

# शिरडी में भिलाई के कलाकार देंगे कल भजन की प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

एवरग्रीन भक्ति जागरण ग्रुप भिलाई द्वारा 21 मई को श्री साई बाबा विश्वसनीय संस्थान, शिरडी महाराष्ट्र के शताब्दी अर्न्तराष्ट्रीय मंच शिरडी में लाइव सॉई भजन कार्यक्रम के लिए टीम 20 मई को शिरडी के लिए रवाना हो रही है।

टीम के निर्देशक गुलाब चंद वर्मा ने बताया कि शिरडी में कार्यक्रम के लिए भजन गायक गुलाब चंद वर्मा, नीतू गोस्वमी गायिका, हाजी मिर्जा साजिद बेग गायक, महेश वर्मा गायक, राजू चौहान म्युजिक डायरेक्टर, अंगद ढोलक वादक, सोनू तांडी आक्टोपेड वादक, बप्पी वर्मा गिटारिस्ट व गायक, सीमांत कश्यप गायक सहित ननकी देवी वर्मा टीम प्रबंधक आदि इस कार्यक्रम में सम्मिलित रहेंगे। गुलाब चंद वर्मा ने बताया कि पूर्व में भी जनवरी 2019 में भी शिरडी में भजनों की प्रस्तुति दे चुके हैं, यह टीम के लिए 21 मई के प्रोग्राम मे जाने का दूसरा मौका है।

**खबर संक्षेप**

## शिवसेना के शंकर व विजय संगठन प्रभारी नियुक्त

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शिवसेना ने प्रदेश सचिव शंकर चौनानी एवं जिलाध्यक्ष विजय पारख का पार्टी संगठन में बढ़ा दायित्व दिया गया है। छत्तीसगढ़ शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार द्वारा प्रदेश कार्यालय रायपुर के प्रदेश स्तरीय बैठक में शिवसेना के लिए लोकसभा क्षेत्र बालोद जिला सहित केशकाल, अंटागढ़, भानुप्रतापपुर का संगठन प्रभारी नियुक्त गया है। इनकी नियुक्ति पर प्रदेश सहित स्थानीय पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।


**निधन**

### लालझरी देवी



**भिलाई।** अनुष्ठा रेसीडेंसी जुनवानी निवासी लालझरी देवी उम्र 95 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रामनगर मुक्ति धाम में किया गया। वे परशुराम सिंह, बलराम सिंह, शंभू सिंह, राजपल्टन सिंह की मां एवं प्रवीण सिंह, अभय सिंह, विनय सिंह, धीरज सिंह की दादी थीं।

### हरीश मदान



**भिलाई।** सडक नंबर 1-ए, स्मृति नगर निवासी हरीश मदान का निधन 19 मई को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 20 मई को राम नगर भिलाई मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे वीणा मदान के पति व वैभव मदान और पारूल कक्कर के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं।

### सुनील वर्मा



**भिलाई।** भिलाई इस्पात मजदूर संघ के पूर्व उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ श्रमिक नेता सुनील वर्मा का निधन शनिवार को इंदौर में हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 19 मई को उनके गृहनगर इंदौर में किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं। भिलाई इस्पात मजदूर संघ अपने सभी पदाधिकारीयों की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### कुछ ही लोगों को मिल पाता है भरपूर पानी, लोगों में आक्रोश

# पेयजल को लेकर ग्रीनवेली में मचा कोहराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जुनवानी स्थित चौहान ग्रीन वैली में पेयजल समस्या को लेकर बवाल मचने के बाद विधायक रिकेश सेन रविवार को लोगों से मिलने पहुचे। इस दौरान लोगों से बात कर पेयजल की समस्या का निदान करने विस्तृत जानकारी ली। सोसायटी के लोगों ने विधायक के सामने आपनी समस्या को रखा और जल्द समाधान करने की मांग की। विधायक रिकेश सेन ने निगम की पाइप लाइन से सोसायटी में पानी का सप्लाई का आश्वासन दिया। शनिवार को ग्रीन वैली में रहने वाले लोगों ने पेयजल समस्या को लेकर जमकर प्रदर्शन किया था। इस दौरान विधायक रिकेश सेन ने कहा कि सोसायटी में मौजूद सभी घरों में पानी मलेगा। भिलाई की पाइप लाइन से यहां पानी की सप्लाई की जाएगी। सोसायटी में रहने वाले सभी भिलाई निगम के दायरे में आते है। वे सालाना टैक्स पटा रहे है। 6 हजार रुपए के साथ विधिवत आवेदन कर नल कनेक्शन ले सकते है। इसका हर माह 250-300 रुपए औसतन बिल आता है। जो सभी अफोर्ड कर सकते है। विधायक रिकेश सेन ने यहां भी कहा कि सोसयाटी वाले सभी लोग प्रक्रिया शुरु कर दे तो एक साल के भीतर लोगों को नल कनेक्शन आसानी से मिल जाएगी।

**ग्रीनवैली पहुंचे विधायक रिकेश, पेयजल के लिए दिया आश्वासन**



### निगम से पेयजल आपूर्ति के लिए कनेक्शन नही लिया

चौहान ग्रीनवेली जुनवानी कालोनाइजर द्वारा विकसित कालोनी है जहाँ जल आपूर्ति कालोनी प्रबंधन द्वारा किया जाता है। कालोनाइजर द्वारा ग्रीनवेली में निगम से पेयजल आपूर्ति के लिए कनेक्शन नही लिया गया है। भिलाई निगम जोन आयुक्त जोन 1 नेहरूनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि चौहान ग्रीनवेली कालोनी जुनवानी में कालोनाइजर चौहान हाऊसिंग प्रा.लिमिटेड द्वारा मकान का निर्माण कर रहवासियों को विक्रय किया गया है। वर्तमान में उक्त कालोनी नगर पालिक निगम भिलाई को हस्तांतरित नही हुआ है। कालोनी में रहने वाले नागरिकों को मूलभूत सुविधा पानी,बिजली, साफ-सफाई, सडक,सिवरेज की सुविधा उपलब्ध कराना कालोनाइजर की पूर्ण जिम्मेदारी है। कालोनाइजर द्वारा वर्तमान में चौहान ग्रीनवेली में पेयजल आपूर्ति के लिए नल संयोजन नगर निगम से नही लिया गया है। कालोनाइजर द्वारा कालोनी के मकानो में सम्पवेल के पानी को पावर पम्प से सप्लाई किया जाता है। कालोनाइजर के माँग पर निगम द्वारा शुल्क लेकर टेंकर से कालोनी में जल प्रदाय किया जाता है। चौहान ग्रीनवेली कालोनी में पेयजल संकट की जानकारी निगम के अधिकारियों के संज्ञान में आने पर मौका निरीक्षण किया गया और मौके पर देखा कि कालोनी में जलापूर्ति की व्यवस्था बाधित पाई गई नागरिकों की मूलभूत सुविधा को ध्यान में रख कर निगम प्रशासन द्वारा तत्काल कालोनी में टेंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की गई।

### पेयजल समस्या को लेकर किया विरोध, गार्ड से धक्का मुक्की



खम्हरिया स्थित चौहान ग्रीन वैली के रहवासियों पर पानी की किल्लत को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान कॉलोनी का गेट बंद कर विरोध प्रदर्शन के दौरान गार्ड के साथ धक्का-मुक्की की गई। जिसे लेकर गार्ड कैलाश नगर निवासी प्रयागराज पुलिस में शिकायत दर्ज कराया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि कॉलोनी में पानी के लिए त्राहि त्राहि मचा है। गार्डन, बिजली, लिफ्ट से लेकर हर तरह की समस्या इस कॉलोनी में है। मकान लेते समय एग्रीमेंट में इन सुविधाओं को देने की बात हुई थी। हर महीने मेंटनेंस भी लिया जा रहा है। इसके बाद अब जब वो लोग चौहान हाउसिंग प्रबंधन के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं तो उनकी आवाज को हरिजन एक्ट लगवाकर दबाने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी तरफ गार्ड ने पुलिस को बताया कि 18 मई शनिवार को वो गेट पर ड्यूटी करते हुए वहां आने वाले पानी के टैंकरों की एंट्री कर रहा था। तभी सुबह 9:30 बजे के बीच कॉलोनी के लोग हाथ में बाल्टी और मटका लेकर बड़ी संख्या में आए। उन सभी की अगुवाई कॉलोनीवासी उपेंद्र द्विवेदी कर रहा था। गेट पर सैकड़ों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए और लोगों ने विरोध करते हुए पानी के टैंकर को कॉलोनी के अंदर नहीं आने दिया। मेन गेट को बंद कर दिया। प्रयागराज ने कॉलोनी वासियों से कहा कि वो विरोध प्रदर्शन करें लेकिन मेन गेट बंद करके कॉलोनी आने जाने वालों को इस तरह ना रोकें क्योंकि लोगों को अस्पताल और ड्यूटी जाने में सुबह सुबह दिक्कत होगी। गार्ड की बात सुनकर उपेंद्र द्विवेदी ने अपने आदमियों को इशारा किया। इसके बाद वो लोग गार्ड से धक्का- मुक्की करने लगे। गार्ड ने उनका विरोध किया तो वो लोग उससे गाली-गलौज करने लगे।

#### मुश्किल में थी जान

गार्ड ने यहां तक आरोप लगाया है कि वो बड़ी मुश्किल से जान बचाकर उनके चंगुल से बचा और जैसे तैसे स्मृति नगर चौकी पहुंचा है। शिकायत को लेने के बाद स्मृति नगर चौकी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने ग्रीन वैली गेट का सीसीटीवी फुटेज निकलवाया। फुटेज में गार्ड से धक्का-मुक्की हुई है, लेकिन जिस उपेंद्र द्विवेदी के ऊपर उसने आरोप लगाया गया है वो प्रदर्शन या आसपास नहीं दिखा।

## समर कैंप से बच्चों को अनेक विधाओं की दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ शासन एवं कलेक्टर जिला दुर्ग के आदेशानुसार अनुसार 15 मई से 31 मई 2024 तक सरकारी स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसके अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोडिया में लगातार समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिनकी जानकारी निम्नानुसार है प्रथम दिवस सुनील डड़सेना खेल प्रभारी द्वारा विद्यार्थियों को खेलविधा जैसे बैडमिंटन, फुटबॉल, कैरम और क्रिकेट जैसे खेलों का परिचय देते हुए उनकी बारिकियों से अवगत कराया गया। प्रीतम देवांगन द्वारा विद्यार्थियों को कहानी लेखन विद्या से परिचित कराया गया। समर कैंप के उद्घाटन अवसर पर प्राचार्य नीलमणि उज्वने द्वारा छात्रों को प्रशिक्षण के महत्व से अवगत कराया गया। शीला चंद्रा ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकल में रखने वाली विभिन्न सावधानियां के बारे में अवगत कराया ताकि इस भीषण गर्मी में हम अपने आप को सुरक्षित कैसे रखें। द्वितीय दिवस पुनः खेल की विभिन्न विधाओं से परिचय कराते हुए अधूरी कहानी को बच्चे अपनी समझ से पूरा करने का प्रयास करें इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। सभी शिक्षक ग्रीष्मकाल में समय का सदुपयोग कैसे करें नैतिक एवं मौलिक शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए या ध्यान केंद्रित करने के लिए बच्चों से आह्वान किया । तृतीय दिवस के कार्यक्रम में दानेश्वरी सिंहा द्वारा जुंबा कराया गया, प्रत्येक दिवस की तरह विभिन्न प्रकार के खेलकूद का आयोजन किया गया और रीना पिलोदिया के द्वारा समर कैंप में कंप्यूटर/डिजिटल संसाधनों के उपयोग के संबंध में उसकी उपयोगिता और अनुपयोगिता दोनों पर बच्चों के साथ चर्चा की गई। स्कूल के खेल प्रभारी डड़सेना द्वारा चित्रकला का ज्ञान प्रदान करने हेतु अतिथि शिक्षक के रूप में भूमिका को स्कूल में बुलाया गया जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पक्षियों के चित्र बनाने सीखे इस तरह से शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कोडिया में






समर कैंप का आयोजन बहुत ही उत्साह पूर्वक किया जा रहा है और इसमें प्रति दिवस बच्चों की उपस्थिति बढ़ते जा रही है।

## विनय ने 17 वीं बार रक्तदान महादान में किया सहयोग प्रदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम चीचा निवासी विनय साहू सहसचिव तहसील साहू संघ अर्जुन्दा ने मां भनेश्वरी महोत्सव विशाल रक्तदान एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण साथ ही प्रतिभा सम्मान शनिवार को साहू सदन बालोद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में विनय साहू युवा सामाजिक कार्यकर्ता सहसचिव तहसील साहू संघ अर्जुन्दा अपना 17 वीं बार रक्तदान कर रक्त दान महादान जीवन दान में सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर सहयोगी साथी तहसील अध्यक्ष अर्जुन्दा उमाशंकर साहू, दानेश्वर प्रसाद साहू, कमल किशोर साहू, पंकज चौधरी, युवा सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित थे और बताया कि मरीज को खून की कमी हो जाने खून की कमी को पूर्ति करने के लिए शासकीय अस्पताल बालोद में रक्तदान महादान लगभग 48 यूनिट ब्लड डोनेट जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ बालोद के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किया गया। इस रक्तदान नेक कार्य के लिए सभी रक्तवीरों को दानेश्वर प्रसाद साहू युवा सामाजिक कार्यकर्ता सहसंयोजक तहसील साहू संघ अर्जुन्दा ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए।




**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार सुरेश कुमार पिता स्व. चंद्रिका प्रसाद निवासी ग्राम चिंगरी जिला दुर्ग (छ.ग.) अन्य की पैतृक भूमि है उक्त वादग्रस्त भूमि खसरा नंबर 87/2 रकबा 1.86 एकड़ प.ह.नं. 35. ग्राम अण्डा में श्रीमान आयुक्त महोदय राजस्व दुर्ग के आदेश 27.05.2000 के पश्चात राजस्व अभिलेख में मूलचंद के नाम पर उक्त भूमि दर्ज कर ली गई है। उक्त वादग्रस्त भूमि 87/2 रकबा 1.86 एकड़ मेरे पक्षकार के पिता स्व. चंद्रिका प्रसाद के नाम की भूमि है जो कि विधिक वारिसान होने के कारण मेरे पक्षकार के हक एवं स्वामित्व की है जिस पर मूलचंद साहू के द्वारा दिनांक 09.06.2021 को जबरदस्ती कब्जा कर लिया गया है जिसकी शिकायत मेरे पक्षकार एवं अन्य के द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय दुर्ग एवं संबंधित थाने में की गई है। उक्त कब्जा प्राप्ति के लिये मेरे पक्षकार के द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी दुर्ग के न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर दिया गया है जो माननीय न्यायालय के समक्ष लंबित है। इसी प्रकार आयुक्त महोदय दुर्ग के आदेश दिनांक 27.05.2021 के विरुद्ध पुनरीक्षण श्रीमान राजस्व मंडल रायपुर में दिनांक 05.07.2021 को प्रस्तुत कर दिया गया है जिसकी पेशी तारीख 24.06.2024 है जिसका प्रकरण क्रमांक 135/2021 है जिसकी पेशी तारीख 02.07.2024 नियत है। मूलचंद की मृत्यु पश्चात उसके विधिक वारिसानो को सिविल न्यायालय में पक्षकार के रूप में शामिल कर दिया गया है और प्रकरण के लंबन के दौरान यह भी जानकारी हुई है कि मूलचंद साहू के द्वारा प्रकरण के लंबन के दरमियान राकेश गोलछा को उपरोक्त भूमि को विक्रय कर दिया गया है मेरे पक्षकार द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष लंबित उक्त सिविल वाद में प्रतिवादी के रूप में राकेश गोलछा को पक्षकार के रूप में शामिल कर दिया गया है विश्वस्थ सुत्रो से जानकारी मिली है कि राकेश गोलछा भी उपरोक्त वादग्रस्त संपत्ति को विक्रय करने का प्रयास कर रहा है जो कि अवैधानिक है। पूर्व में मूलचंद एवं अन्य के द्वारा उक्त वादग्रस्त संपत्ति के संदर्भ में की गई अनुचित कार्यवाही के संदर्भ में भी मेरे पक्षकार के द्वारा विभिन्न न्यायालय एवं विभागों में शिकायत की गई है इस वादग्रस्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई सौदा या विक्रय ना करे यदि मूलचंद साहू के विधिक वारिसान या राकेश गोलछा एवं अन्य के द्वारा किया जाता है तो वह गैरकानूनी होगा जिसके जवाबदार मूलचंद साहू के विधिक वारिसान, राकेश गोलछा तथा अन्य के द्वारा उक्त वादग्रस्त संपत्ति का सौदा या क्रय विक्रय करने वाला स्वयं होंगे। अतः सूचना जाने।

दुर्ग दिनांक- 17.05.2024

**जयंत देशमुख अधिवक्ता**
**निवास/आफिस 2/15, ओल्ड बोरसी कालोनी दुर्ग तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)**
**मो.नं.9479044162, 9009950653**


## साहू समाज उतई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई




■ सभी नवनिर्वाचित साहू समाज के पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

नगर साहू समाज उतई के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण मां कर्मा भवन उतई में संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीआर साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग-ग्रामीण, अध्यक्षता खिलावन राम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज पुरई, डीकेन्द्र हिरवानी अध्यक्ष नगर पंचायत उतई, तुला राम साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्रीय साहू समाज पुरई, खुमान सिंह साहू की उपस्थिति में नवनिर्वाचित अध्यक्ष किशोर साहू, उपाध्यक्ष खूबी राम साहू, महिला उपाध्यक्ष सुनीति साहू, सचिव गिरीश कुमार साहू, सहसचिव कुशल साहू, प्रचार सचिव ऋषि साहू, संगठन सचिव तुकाराम साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक द्वारिका साहू, उपसंयोजक भावेश साहू, महिला प्रकोष्ठ शकुंतला साहू, उपसंयोजिका तामेश्वरी साहू, कर्मचारी प्रकोष्ठ सावंत राम साहू, युवराज साहू, तुलाराम साहू, व्यापारिक प्रकोष्ठ यज्ञ साहू, घनश्याम साहू, नरेंद्र साहू, अरुण साहू, प्रेमनारायण, युवा प्रकोष्ठ सलाहकार डॉ.सुमंत साहू, कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ सुभाष साहू, खेल प्रकोष्ठ मोहित साहू, कृष्ण कुमार साहू ने पद एवं साहू समाज के नियमो के अनुसार बगैर भेदभाव के समाज हित में कार्य करने की शपथ ग्रहण किया। शपथ ग्रहण पश्चात आए हुए अतिथियों का श्रीफल व साल देकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात सभी नवनिर्वाचित साहू समाज के पदाधिकारियों का गुलाल माला से स्वागत किया । शपथ ग्रहण समारोह में सफल मंच संचालन जोहान साहू के द्वारा किया गया और कार्यक्रम के अंत में आभार प्रकट रोहित साहू सामाजिक सलाहकार के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष सुमंत साहू, चुन्नीलाल साहू , तोषण साहू, कुंदन साहू, सुमरण साहू, ईश्वर साहू, केशर साहू, घनश्याम साहू, राधिका हिरवानी, कुमारी बाई साहू, सुकवारों साहू, विजयलक्ष्मी साहू, प्रभा साहू, क्षत्राणि साहू, लीना साहू सहित सैकड़ों की संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

## जरूरतमंद प्रतिभाशाली बच्चों की पढ़ाई व शादी के लिए राज प्रधान को सौंपा चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुजरा निवासी जीतेश कुमार वर्मा ने अपने प्रथम पुत्री रत्न अनन्या वर्मा की प्राप्ति पर अपने पिता स्व तुलसी राम वर्मा की स्मृति में समाजिक जरूरत मंद गरीब परिवार की लड़कियों की शादी पढ़ाई में सहयोग के लिए 10000 रुपए का चेक राज प्रधान युगल किशोर आडिल को सौंपा। जीतेश वर्मा जनपद पंचायत पाटन में कलर्क है। पूर्व में जीतेश कुमार वर्मा मनवा कुर्मी समाज में कार्यकारिणी सदस्य रहते हुए कई जरूरत मंद लडकियो की शादी कई शोक से पीड़ित परिवार और जरूरत मंद बच्चो की पढ़ाई में सहयोग प्रदान करते आया है विगत दिनों पाटन राज प्रधान युगल किशोर आडिल ने अपने स्वजातियों के साथ प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं से मिलकर बधाई दिया। कई परिवार ऐसे है जिनके आर्थिक हालात अच्छे नही है बच्चे काफी प्रतिभाशाली है और आर्थिक हालात अगर उनके प्रतिभा को आगे आने में बाधा बनता है तो ये उचित नही है। शिक्षित होकर समाज परिवार और देश का नाम रोशन करे जरूरत मंद बच्चो के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करने पर स्वजातीय बंधुओ ने जीतेश कुमार वर्मा का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया स्वागत करने वालो में राज प्रधान युगल किशोर आडिल, राकेश आडिल, विपिन बंछोर, अभिषेक वर्मा, निक्कू, जवाहर नायक, केदार कश्यप, दानेश्वर वर्मा, सुनील वर्मा, संतोष वर्मा, रिंकू वर्मा, काजल वर्मा, मनोज वर्मा, दुष्यंत वर्मा, बाबा वर्मा, आशीष बंछोर आदि उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स में ग्राहकों का मिल रहा प्रतिसाद

**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट शॉप नंबर 64 बी में स्थित ओम ज्वैलर्स के संचालक ओम जी ने बताया है इस बार शादी के मनपसंद गहने की बुकिंग पर दुगुनी चांदी की ऑफर ग्राहकों की दिया जा रहा है जितने ग्राम सोना लेने पर उससे डबल चांदी फ्री का ऑफर दिया जा रहा है। भीड़ से बचने के लिए ग्राहकों को यहां ऑफर की सुविधा दि जा रही है ताकि नई-नई वैरायटी का आराम से पसंद किया जा सके। लाइव वेट में साइज बड़ी व विभिन्न वैरायटीयों का नया कलेक्शन विशाल रेंज उपलब्ध है। चांदी में अपनी-अपनी पसंद की विशाल रेंज भी ओपन डिस्प्ले की सुविधा का एक मात्र स्थान है एवं किसी भी प्रकार के गहनों में 2साल की टूट फुट की गारंटी हमेशा से प्रदान की जाती है। हमारी संस्थान में हर रेंज संग्रह देखने को मिलता है। हर शादी की खरीदी पर कुछ न कुछ निश्चित उपहार प्रदान किया जाता है।





**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ए कौशल्या राव धर्मपत्नी स्व. ए भास्कर राव पता शॉप नं. 47, सेक्टर 01 सी मार्केट, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) जो कि भिलाई इस्पात संयंत्र के भूखण्ड में निर्मित प्लाट/शॉप क्रमांक 47 सेक्टर 1 सी मार्केट, भिलाई नगर की लाइसेंस धारक है, जिसका लाइसेंस आबंटन क्रमांक 168 दिनाँक 13.04.2020 है, ने उक्त दुकान का नामान्तरण श्रीमती पूर्णिमा सिन्हा धर्मपत्नी श्री राजूलाल सिन्हा पता/निवासी साहू पारा, रामनगर, वार्ड 13, सुपेला, भिलाई नगर, दुर्ग (छ.ग.) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनाँक 15.01. 2024 को आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त प्लाट/शॉप क्रमांक 47 सेक्टर 01 सी मार्केट, के तत्संबंधित नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति, वारिसान, व्यक्तियों, शासकीय/अशासकीय कार्यालयों, बैंकों, वित्तीय निकायों आदि को कोई आपत्ति उजर हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मूल दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते है। म्याद/अवधि समाप्त हो जाने के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मुहर से आज दिनाँक 18.05.2024 को जारी किया गया ।

महेन्द्र कुमार साहू
उप महाप्रबंधक न.से-दुकान/लीज/लाइसेंस
नगर सेवायें, भिलाई इस्पात संयंत्र



Health Town

डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक

Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244

स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ

सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा

टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।

शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा

Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट

समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना । प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक

जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### मितानिनों को किया गया सम्मानित, निकाली रैली

**उतई।** महिला आरोग्य समिति वार्ड 26 अवधपुरी रिसाली के द्वारा महिला सम्मान समारोह समाजसेवी एवं भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह यादव एवं गणेश देशमुख के आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें वार्ड 26 की मितानिन गैंद देशमुख एवं मितानिन कामिनी साहू, मितानिन मनीता गैंडरे को श्रीफल एवं गिलास सेट भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिथि राजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि इस तरह के सम्मान समारोह के आयोजन से सामाजिक कार्यों में शामिल महिलाओं का हौसला बढ़ता है और अन्य महिलाओं को भी सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।
इस कार्यक्रम में महिलाओं ने गीत संगीत और नृत्य भी प्रस्तुत किए। उन्हें भी गिलास सेट भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में महिलाओं के ऊपर होने वाली हिंसा के विरोध में रैली निकाली गई। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन आरोग्य समिति की अध्यक्ष करुणा श्रीवास ने किया। इस अवसर पर गैंद देशमुख, कामिनी साहू, मनिता गैंडरे, सरिता साहू, डुमेश्वरी देवांगन, संगीता तुरकर, टिकेश्वरी साहू, प्रमिला कटरे, हुलेश्वरी देशमुख, सुनैना देशमुख, अमरीका यादव, सुलोचना यादव, खोमेश्वरी देशमुख सहित भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

### विवेकानंद नगर में गंदे पानी का जमाव,

**भिलाई।** विवेकानंद नगर में गंदे पानी की निकासी की समस्या से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। राव बाडी के द्वारा अवैध दीवार खडी कर देने से गंदे पानी का जमाव हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से समस्या के निदान की मांग की है। जारी विज्ञप्ति में बताया है कि सडक 1,2,3,4,5 सबका पानी नाली द्वारा सडक 6,7 , 9 से निकलता है। बाडी के सामने में प्रदूषित पानी का जमाव हो जाता है। इससे समूचे माहौल अस्वच्छ और अस्वास्थ्यकर बना हुआ है। गर्मी के दिनों में मच्छरों की समस्या से भी लोग परेशान है। आनंदपुरम फेस 2 के जल के निकासी भी गंदे नाली कर दिये हैं जिससे स्थिति और भी बदतर हो गई है। कई बार नगर निगम से क्षेत्रवासियों द्वारा शिकायत करने के बाद भी अब तक कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। बस्तीवासियों को इस बात की चिंता सता रही है कि बारिश आने वाली है। इससे चौतरफा समस्या बढ जाएगी। क्षेत्रवासियों ने पार्षद के साथ निगम के अधिकारियों से भी जल्द से जल्द पानी निकासी की समस्या के निदान की मांग की है।

## यूनियन ने बीमारियों से बचने भत्ता बढ़ाने बढ़ाया दबाव, बीएकेएस ने भेजा ज्ञापन

# कार्मिक नब्बे रुपए नाइट एलाउंस में कैसे खरीदें ड्राईफ्रूट्स और दूध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने इस्पात सचिव तथा मुख्य श्रमायुक्त को ज्ञापन भेजकर सेल कर्मचारियों को पावरग्रीड की तरह नाइट शिफ्ट भत्ता और एरियर्स भुगतान कराने की मांग की है। सेल और इसकी सभी इकाइयों रात्रि पाली भत्ता वर्ष 2009 से संशोधित नहीं हुआ है। कम एलाउंस देने कार्मिकों को शोषण है।

उल्लेखनीय है कि रात्री पाली में कार्यरत कार्मिको को मिलने वाले भत्ता पर केंद्र सरकार से लेकर अधिकतर सार्वजनिक क्षेत्र की कंयनियों ने गाईडलाइन बनाया है तथा उसका सर्कुलर भी जारी किया है। सेल की सभी इकाईयो मे रात्री पाली भत्ता 2009 से संशोधित ही नही हुआ है । यूनियन के मुताबिक कार्मिकों को अभी भी 90 रुपए प्रति रात्री , रात्री पाली भत्ता के रुप में भुगतान किया जा रहा है । चिकित्सकों के मुताबिक रात्री पाली मे काम करने वाले कार्मिको का शरीर का जैविक घड़ी पर बुरा प्रभाव पड़ता है । इससे कार्मिकों को मधुमेह , ह्रदय रोग, गैस्ट्रीक , अनिद्रा , मोटापा जैसी गंभीर बिमारियो का सामना करना पड़ रहा है । दुष्प्रभावों को कम करने का लिए संबंधित व्यक्तियों को ड्राई फ्रूट्स , ताजा फल, दूध आदि का सेवन करना चाहिए । ताकि शरीर मे जरुरी विटामीन तथा मिनरल्स की आपूर्ति होती रहे । मात्र 90 रुपया मे किसी कार्मिक को यह खाद्द पदार्थ जुटाना संभव नही है । केंद्र सरकार तथा विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र प्रबंधनो ने 2017—18 मे ही रात्रि पाली भत्ता को संशोधित कर दिया है ।

### पावर ग्रिड की तरह सेल में रात्रि पाली भत्ता देने की मांग



### एरियर्स को जल्द हो भुगतान

यूनियन ने रात्री पाली भत्ता का एरियर का भुगतान करने के साथ इस भत्ता को आयकर अधिनियम का तहत कर मे छूट मिलने योग्य अलाउंस का रुप मे परिवर्तित किये जाने की भी मांग की है । सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों की तरह ए और बी शिफ्ट मे कार्यरत कार्मिको के लिए भी शिफ्ट रोटेटिंग अलाउंस शुरु किया जाय क्योकि ए और बी शिफ्ट मे काम करने पर भी दैनिक क्रियाकलाप सोने और भोजन आदि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है ।

### एक जनवरी से हो प्रभावी

बीएकेएस के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि सेल प्रबंधन और एनजेसीएस मीटिंग के नाम पर पिछले 89 माह से रात्री पाली भत्ता पर निर्णय नही हो पाया है । वहीं दूसरी तरफ पावरग्रीड, एनटीपीसी, नालको, एनएमडीसी, ओएनजीसी , इंडियन आयल , आईओसीएल आदि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में रात्री पाली भत्ता 2018 से ही 300—610 रुपए प्रति रात्री की दर से भुगतान किया जा रहा है । कई सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों मे रात्री पाली भत्ता की जगह रिफ्रेशमेंट अलाउंस दिया जाता है । 89 माह विलंब होने का कारण सभी पीएसयू मे मिल रहे अधिकतम रात्री पाली भत्ता (पावरग्रीड कारपोरेशन की तर्ज पर) को सेल मे लागू किया जाय । इसे 1 जनवरी 2017 से प्रभावी किया जाय ।

## मोहंती को हितचिंतक सोसायटी के संचालक मंडल से हटाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



▪ यूनियनों ने दी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई तेज करने की दी चेतावनी

ट्रेड यूनियनों ने हित चिंतक सहकारी ऋण समिति मर्यादित सेक्टर 1 भिलाई के संचालक मंडल के सदस्य सुरेंद्र मोहंती को संचालक मंडल से बाहर निकाले जाने का विरोध करते हुए इसे अलोकतांत्रिक कदम बताया है। यूनियनों ने चेतावनी दी है कि सोसायटी के भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष तेज किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा मजदूर कार्यकर्ता समिति, सहकारिता संघर्ष मोर्चा, लोकतांत्रिक इस्पात एवं इंजीनियरिंग मजदूर यूनियन व आदिवासी मातृशक्ति संगठन ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि हित चिंतक सहकारी समिति मर्यादित सोसाइटी में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले संचालक मंडल सदस्य सुरेंद्र मोहंती द्वारा प्रबंधकारिणी बैठक में लगातार मिनट्स बुक की फोटो कॉपी, जिसमें आय व्यय का विवरण रहता है मांगा जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष द्वारा नहीं दिया गया। बैठक रजिस्टर में हस्ताक्षर करने के लिए रजिस्टर मांगने पर भी संचालक सुरेंद्र मोहंती को रजिस्टर नहीं दिया गया। इस संबंध में लगातार पंजीयक कार्यालय दुर्ग को आवेदन दिया गया लेकिन किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई। न हीं संचालक मंडल के सदस्य को मिनट्स बुक की सत्यापित प्रतिलिपि दी गई। उल्टे फर्जी तरीके से मीटिंग में अनुपस्थित मानकर सदस्यों द्वारा चुने हुए प्रतिनिधि को संचालक मंडल सदस्य पद से बाहर कर दिया। सोसाइटी में लाभ होने के बावजूद इस वर्ष सदस्यों को लाभांश 2 प्रतिशत कम कर बांटा गया। कई वस्तुओं के फर्जी बिल बनाकर भ्रष्टाचार किया गया। यूनियनों ने बताया कि इन्हीं सभी भ्रष्टाचार का विरोध करने के कारण संचालक मंडल सदस्य सुरेंद्र मोहंती को बैठक में अनुपस्थित रहने का कारण बताते हुए, संस्था सदस्यों द्वारा चुने हुए निर्वाचितसंचालक पद से बाहर कर दिया गया। यह लोकतंत्र की हत्या है। यूनियनों की बैठक में इसकी निंदा करते हुए सोसायटी के भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष तेज करने की चेतावनी दी गई।

# बीस दिन से लापता बच्ची विधायक रिकेश के फौरी एक्शन से हुई रिकवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

### एक पखवाड़े से माता-पिता लगा रहे थे थाना का चक्कर



▪ परिजनों ने विधायक रिकेश और एसपी अभिषेक पल्लव का माना आभार

▪ आरोपी को संरक्षण का स्थानीय पुलिस पर लगा आरोप

पिछले 20 दिन से अपनी नाबालिग बच्ची की तलाश में थाना और पुलिस अधिकारियों के चक्कर काट परेशान पंडरिया विधानसभा के किशुन गढ़ क्षेत्र के रहवासी माता-पिता के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन का आज उनके क्षेत्र में दौरा इतना उपयोगी रहा कि ताउम्र विधायक की पहल से मिली राहत उन्हें याद रहेगी। आज चंद घंटों के भीतर न केवल उनकी बच्ची रायपुर से रिकवर कर उनके हवाले की गई बल्कि बच्ची को झांसा दे ले जाने वालों पर कवर्धा एसपी डाक्टर अभिषेक पल्लव ने कड़ी कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं।

आपको बता दें कि वैशाली नगर क्षेत्र के युवा विधायक रिकेश सेन कवर्धा से 25 किलोमीटर दूरी पर स्थित डोंगरिया में संत शिरोमणी सेन महाराज के मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में पंडरिया विधायक भावना बोहरा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। लगभग दो हजार लोगों की मौजूदगी में किशुन गढ़ में समाज के ही एक दम्पति ने भीड़ के बीच अपने ही समाज के विधायक रिकेश को एक दरख्वास्त दिया। इस दौरान उनकी आंखों में आंसू छलक पड़े थे, उनकी 17 वर्षीया बच्ची किसी के बहकावे और झांसे की वजह से 28 अप्रैल को अचानक गायब हो गई। बच्ची के माता-पिता को इसका अंदेशा था कि उनकी नाबालिग बच्ची को एक युवक और उसके परिजनों ने ही बहला फुसलाकर घर से भगाया है। नतीजतन उन्होंने तत्काल पुलिस को खबर देते हुए संदिग्ध पर संदेह जताते हुए अपनी बच्ची सही सलामत लाने की इल्तिज़ा की लेकिन पंडरिया थाना के जिम्मेदार पुलिस कर्मी इस मामले में न केवल टालमटोल रवैया अपनाते रहे बल्कि बच्ची के माता-पिता ने आरोपियों को स्थानीय पुलिस वालों के संरक्षण का भी आरोप लगाया।

अपने फौरी एक्शन के छवि वाले युवा विधायक रिकेश ने तत्काल कवर्धा एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव को फोन लगा सारा माजरा उन्हें बताते हुए लापता बच्ची को सुरक्षित परिजनों के हवाले करने और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। एसपी डॉ. पल्लव ने पंडरिया थाना को आड़े हाथों लेते हुए न सिर्फ फटकार लगाई बल्कि इस संवेदनशील मसले पर तत्काल टीम गठित कर सायबर युनिट मुखबीरों की मदद से राजधानी रायपुर से चंद घंटों के भीतर बच्ची को रिकवर कर परिजनों के हवाले किया। मामले की अग्रिम कार्रवाई थाना से की जा रही है। किशुनगढ़ के पीड़ित परिवार ने बताया कि वे एक पखवाड़े से मानसिक परेशानी झेल रहे थे। संबंधित थाना की पुलिस का रवैया उन्हें लगातार थाने का चक्कर लगाता रहा। आज विधायक रिकेश ने चंद घंटों के भीतर उनकी पहाड़ सी समस्या को हल करवा बड़ी राहत दी है जिसके लिए उन्होंने विधायक और पुलिस अधीक्षक डाक्टर अभिषेक पल्लव को साधुवाद दिया है।

# ठेका श्रमिकों की मांगों को लेकर सीएलसी में देंगे दस्तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

▪ लोइमू की बैठक में लिया गया निर्णय

लोकतांत्रिक इस्पात इंजीनरिंग एवं मजदूर यूनियन की बैठक हुई। इसमें यूनियन के पदाधिकारियों के साथ सिग्मा इंटेरप्राइसेस एवं प्रकाश कुमार मेहता एजेंसी के ठेका श्रमिकों ने भाग लिया। बैठक में मजदूरों के मुद्दों पर चर्चा हुई सेंट्रल लेबर कमिश्नर सीएलसी को सिगमा इंटेरप्राइसेस में कार्यरत ठेका श्रमिकों के नोटिस पेमेंट, ग्रेज्युटी, एडब्ल्यूए, बोनस, एवं अन्य भत्ते नियोक्ता द्वारा अभी तक नहीं दिए जाने के खिलाफ 23 मई को सीएल सी की बैठक में जाने का निर्णय लिया गया । बैठक में बताया कि मेहता एजेंसी के ठेका श्रमिक बीएसपी के आवासीय कालोनी में पानी सप्लाई जैसे अति आवश्यक कार्य करते है। लेकिन नियोक्ता द्वारा श्रमिकों के वेतन एवं भत्ता नहीं दिया गया । भत्ता दिए जाने की मांग की गई। साथ ही बीएसपी कर्मचारी आरडी कोरी की बर्खास्तगी का विरोध करते हुए बहाली और हितचिंतक सोसायटी, सेक्टर 1 संचालक मण्डल के सदस्य के सदस्य सुरेन्द्र महंती को संचालक मण्डल से करने की निंदा करते हुए वापसी की मांग की गई । बैठक में अध्यक्ष, देवेन्द्र कुमार सोनी, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र परगनिया, महासचिव सुरेन्द्र महंती सहित वेदन लाल गेंदरे, अविशेष यादव, ब्रज भूषण पांडे आदि उपस्थित थे ।

# बाल नाट्य शिविर में परमेश्वर ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भारतीय जन नाट्य संघ इप्टा के तत्वावधान में नेहरू सांस्कृतिक सदन सेक्टर 1 में चल रहे ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य प्रशिक्षण शिविर का कलाप्रेमी बच्चे लुत्फ उठा रहे हैं। रंगमंच के विभिन्न विषयों पर संस्कृतिकर्मी टिप्स दे रहे हैं। रविवार को छग प्रगतिशील लेखक संघ के महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने प्रतिभागी बच्चों को साहित्य लेखन पर साहित्य लेखन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि नाटक की कहानी व पटकथा के लिए गहरी साहित्यिक समझ जरुरी है।



इस अवसर पर इप्टा के राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव, प्रांतीय इप्टा के अध्यक्ष मणिमय मुखर्जी , भिलाई इप्टा की अध्यक्ष सुचिता मुखर्जी, बीबी परगनिहा, रोशन गढेकर, चारु श्रीवास्तव, अपराजित शुक्ल, रोहित रेड्डी, पलक उपस्थित थे ।

## बोरिया गेट पर कर्मियों की सुबह इंट्री बंद होने से होगी परेशानी

▪ सीजीएम के प्रस्ताव पर यूनियनों ने जताई नाराजगी

**भिलाई ।** बीएसपी के बोरिया गेट पर ट्रकों के बेतरतीब ट्रैफिक से जाम को हालात बन रहे हैं। इस समस्या से निपटने के लिए प्रबंधन द्वारा सुबह चार घंटे तक कर्मचारियों की इंट्री बंद रखे जाने के प्रस्ताव पर यूनियनों ने नाराजगी जताई है। यूनियनों के मुताबिक इससे कर्मचारियों को अनावश्यक परेशानी होगी। ट्रकों को इंट्री के लिए कर्मचारियों को परेशानी में डालना उचित नहीं है। बोरिया गेट पर शनिवार को संयंत्र के अंदर जाने वाले पचासों ट्रकों से जाम लग गया था। इससे सभी को परेशानी हुई। यूनियनों नेताओं ने बताया कि समस्या से निपटने के लिए बीएसपी के सीजीएम द्वारा यूनियनों की बैठक बुलाकर चर्चा गई । बैठक में इंटक, बीएमएस, सीटू, लोइमू और बीडब्ल्यूयू के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में सीजीएम ने बोरिया गेट में सुबह ट्रकों की इंट्री के दौरान चार घंटे कर्मचारियों की आवाजाही पर पर रोक लगाने की प्रस्ताव रखा। यूनियन नेताओं ने नाराजगी जाहिर करते हुए इस प्रस्ताव को कर्मचारियों की परेशानी वाला प्रस्ताव बताया। यूनियन नेताओं ने कहा कि ट्रकों की इंट्री को व्यवस्थित करने की बजाय कर्मचारियों की आवाजाही पर चार घंटे रोक लगाने से असुविधा होगी। बेहतर है कि बेतरतीब ट्रैफिक से निपटने वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए। क्योंकि सौ डेढ़ सौ ट्रक रोज बोरिया गेट से प्लांट के अंदर जा रहे हैं। पूर्व में यहां पुलिस द्वारा बनाई गई चौकी भी बंद हो जाने से ट्रक वाले अनुशासित नहीं हैं।

कैंसर सर्जरी
पश्चात अंगों का
पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371


## घड़ी चौक पर शाम को बेलगाम ट्रैफिक, तैनात हो सिपाही

# सुपेला अंडरब्रिज शुरु, ट्रैफिक से राहत के साथ आफत भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नवनिर्मित सुपेला अंडरब्रिज के खुल जाने से जहां शहर के वाहनचालकों को बड़ी राहत मिल रही है वहीं थोड़ी आफत भी हो रही है। अंडरब्रिज के अंदर और शाम को सुपेला चौक पर ट्रैफिक की समस्या से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने निर्मात्री एजेंसी व ट्रैफिक विभाग से राहत दिलाने विचारमंथन की मांग की है।

सुपेला रेलवे क्रासिंग पर पिछले दो साल से बन रहे वायशेप रेलवे अंडरब्रिज पर पिछले गुरुवार से आवागमन शुरु हो गया है। इसके उद्घाटन से शहरवासियों को ट्रैफिक की समस्या से बड़ी राहत मिल रही है। ब्रिज से पटरीपार और टाउनशिप दोनों ओर ट्रैफिक सुगम हुआ है। इसकी सराहना भी की जा रही है। लेकिन इसके साथ ही दुर्घटना की स्थिति भी निर्मित रही है। दरअसल अंडरब्रिज के खुलते ही जीई रोड घड़ी चौक पर एकदम से ट्रैफिक लोड बढ़ गया है। टाउनशिप की ओर पेट्रोल पंप साइड और सेक्टर 1 की तरफ के ब्रिज के दोनों गेट से आने वाले वाहनचालक सीधे फोरलेन घड़ी चौक से गुजर रहे हैं। इस चौक पर यह भारी ट्रैफिक लोड उसी तरह है, जैसे ट्विनसिटी को जोड़ने वाले फ्लाई ओवर के साइंस कालेज के पास सड़क पर सीएएफ साइट और और 32 बंगला साइड से आने वाले ट्रैफिक का लोड होता है। इसी तरह सुपेला अंडरब्रिज के खुलने के बाद घड़ी चौक पर पिछले तीन दिनों से वाहनचालकों के अव्यवस्थित जमाव से दुर्घटना की आंशका बनी रहती है। क्षेत्र के व्यवसायियों ने बताया कि शाम को चौक पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं होने से ट्रैफिक बेलगाम और दुर्घटनाजन्य बना रहता है। इस समस्या को देखते हुए घड़ी चौक पर दिन के साथ रात दस बजे तक ट्रैफिक के जवानों की तैनाती की मांग की गई है।



### आकर्षक ब्रिज पर सौंदर्य दर्शन से भिड़ रहे दोपहिया

नवउद्घाटित सुपेला रेलवे अंडरब्रिज पर दूसरी समस्या सौंदर्यदर्शन से दुर्घटना की आशंका की बनी होना है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि शहरवासियों को ट्रैफिक के दबाव से राहत दिलाने वाले इस आकर्षक ब्रिज के अंदर सड़क के दोनों ओर दीवारों पर खूबसूरत कलाकृतियां उकेरी गई हैं। हरी भरी प्रकृति और आकर्षक वन्य प्राणियों की खूबसूरत पेंटिंग को देखने शहरवासियों में भारी उत्सुकता देखी जा रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई लोग परिवार के साथ और बच्चे, युवा व कपल दोपहिया और आटो में शाम से रात दस बजे तक इसे देखने आ रहे हैं। ब्रिज की खूबसूरत डिजाइन के साथ अंदर की पेंटिंग को देखने भीड़ के चलते और फोटो लेते रहने से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। इसी तरह कई वाहनचालक भी ब्रिज से गुजरते हुए दोनों तरफ की पेंटिंग को देखते हुए गुजरते हैं। इस दौरान ध्यान भंग होने से दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। छिटपुट दोपहिया टकरा भी रहे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 20 मई 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at - 9755819129


02 धूमधाम से मनाया गया आराधना...

## लाइव इवेंट

### महिला शतरंज चैंपियनशिप 25 से आयोजन की तैयारी जोरों पर



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा स्व लालजी आडतीया की स्मृति में डीएवी मॉडल कॉलेज में 25 एवं 26 मई को दो दिवसीय जलाराम ट्रॉफी जिला स्तरीय सीनियर एवं महिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं तुलसी सोनी ने बताया कि यह चैंपियनशिप संघ के संरक्षक प्रवीण आडतिया के पिता स्व लालजी आडतिया की स्मृति में आयोजित किया जाता है। इस चैंपियनशिप के आयोजन में डीएवी मॉडल कॉलेज का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस स्पर्धा में कुल 15400 रुपए के 8 पुरस्कार एवं 20 ट्रॉफी पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे तथा भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस स्पर्धा में सभी उम्र के पुरुष एवं महिला शतरंज खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। स्पर्धा में प्रवेश की अंतिम तिथि 22 मई तक निर्धारित है। भाग लेने वाले खिलाड़ियों को जिला शतरंज संघ से रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है।

**अब तक लगभग 50 खिलाड़ी करा चुके रजिस्ट्रेशन:** चैंपियनशिप का उद्घाटन 25 मई को सुबह 9.30 बजे किया जाएगा तथा प्रथम राउंड सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। स्पर्धा का समापन व पुरस्कार वितरण 26 मई की शाम 5.30 बजे विधायक गजेन्द्र यादव के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन एवं सीनियर नेशनल आर्बिटर दिव्यांशु उपाध्याय ने बताया कि अब तक इस चैंपियनशिप में लगभग 50 खिलाड़ियों की प्रविष्टि आ चुकी है। जिसमें कई रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी शामिल है। कौन बनेगा करोड़पति जूनियर फेम विराट अय्यर भी स्पर्धा के आकर्षण का केंद्र होंगे। सीनियर वर्ग व महिला वर्ग प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को राज्य चैंपियनशिप में भाग लेने की फीस जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा वहन किया जाएगा। स्पर्धा के आयोजन में दिनेश जैन, एस के भगत, दिनेश नलोडे, ललित वर्मा, संजय खंडेलवाल, जयंता दास, हरीश सोनी, त्रिलोक सोनी, मोरध्वज चंद्राकर, गुलाब चौहान, आर के ताम्रकार सहित अन्य जन तैयारी में लगे हुए है।

● विश्व दूरसंचार एवं सूचना सोसायटी दिवस पर तकनीकी व्याख्यान का हुआ आयोजन

# तकनीकी विकास से संस्थाओं की कार्यप्रणाली में आया गुणात्मक परिवर्तन, डिजिटल इनोवेशन पर हुई चर्चा



**भिलाई।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा द्वारा विश्व दूरसंचार और सूचना सोसायटी दिवस के अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के टेलीकॉम विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड छग के सहयोग से इंजीनियर भवन सिविक सेंटर भिलाई में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ए के चक्रवर्ती कार्यपालक निदेशक सामग्री प्रबंधन बीएसपी थे। विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक भारत संचार निगम लिमिटेड छग वी के छबलानी एवं बीएसपी के कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक इलेक्ट्रिकल प्रकाश उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ता डॉ संकल्प राय इंस्पेक्टर साइबर सेल दुर्ग पुलिस तथा उप प्रबंधक टेलीकॉम, बीएसपी हरविंदर सिंह कैंबो रहे।

कार्यक्रम के आरम्भ में स्वागत भाषण देते हुए द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई शाखा के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने विश्व दूरसंचार एवं सूचना सोसायटी दिवस के आयोजन के महत्व और इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित विषय डिजिटल इनोवेशन के द्वारा सस्टेनेबल डेवलपमेंट के बारे में बताया। श्री चौबे ने कहा कि इस विषय का उद्देश्य, पृथ्वी पर उपस्थित संसाधनों को वर्तमान पीढ़ी एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने की दिशा में सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल इनोवेशन के माध्यम से किस प्रकार संतुलित उपयोग करने व इस विषय पर विश्व समुदाय का ध्यान आकृष्ट करना है। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा, हरित परिवहन, कृषि, स्मार्ट सिटी, पर्यावरण निगरानी आदि विषयों में डिजिटल इनोवेशन के द्वारा होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी।

### कार्यालय में डिजिटल माध्यम से हो रहे कार्य

मुख्य अतिथि श्री ए के चक्रवर्ती ने अपने उद्बोधन में कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी और डिजिटल तकनीक के विकास से संस्थाओं की कार्यप्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन आया है। उन्होंने कहा कि आज से तीस वर्ष पहले जिस किसी कार्य के लिए उत्पादन स्थल पर जाना पड़ता था वह वर्तमान में कार्यालय में डिजिटल माध्यम से सहज रूप से किया जा सकता है। उन्होंने बताया की जब वे सेल में सेवा प्रारंभ किए तब उन्हे शॉप फ्लोर पर कठोर परिश्रम और मेहनत से काम करने की सीख दी गई। पर आज के युवा अभियंताओं को स्मार्ट वर्किंग करने की सलाह दी जाती है। आज कार्यालय में बैठकर ही प्लांट के संचालन पर नजर रखी जा सकती है। श्री चक्रवर्ती ने कहा कि डिजिटल तकनीक जैसे विडियो कांफ्रेंस, सोशल मीडिया से न केवल कार्मिकों के बीच आपसी संवाद सुगम हुआ है अपितु सामग्री विक्रेताओं और बाह्य संस्थाओं से संवाद बहुत अधिक आसान हो गया है। इंडस्ट्री 4.0 के द्वारा भविष्य में संयंत्र संचालन में भी आंशिक रूप से मानवीय जिम्मेदारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को दे दी जाएगी, जिससे निर्णय क्षमता में वृद्धि अपेक्षित है। उन्होंने डाटा इंटीग्रेशन एवं डाटा विश्लेषण के द्वारा आने वाले समय में गुणवत्ता और कार्यक्षमता में सुधार की चर्चा की । उन्होंने उपस्थित जनों से आवाहन किया कि डिजिटल प्रगति के साथ ही हमें साइबर सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देना होगा।



### साइबर प्रहरी ऐप की दी जानकारी

विशिष्ट अतिथि श्री प्रकाश ने भिलाई इस्पात संयंत्र एवं बी एस एन एल द्वारा संयुक्त रूप से संचार के क्षेत्र में किये गए कार्यों को साझा करते हुए कहा की आने वाले समय में भिलाई इस्पात संयंत्र में डिजिटल डिवाइज को घटाने की दिशा में दोनों संस्थाएं और बेहतर सहयोग से कार्य करेंगी। अतिथि वक्ता डॉ संकल्प राय ने अपने प्रस्तुतिकरण में दुर्ग पुलिस रेंज की अभिनव पहल साइबर प्रहरी एप की जानकारी दी। उन्होंने बताया की साइबर प्रहरी ऐप हर व्यक्ति के लिए डिजिटल दुनिया के खतरों से बचने में एक अहम विश्वसनीय साथी है। उन्होंने बताया की इस ऐप में साइबर खतरों से जुड़ी सभी सावधानी का ब्यौरा है साथ ही कोई भी साइबर संकट आने पर पुलिस द्वारा तत्काल मदद देने की कोशिश की जाती है। उन्होंने उपस्थित समुदाय की साइबर अपराधों से जुड़ी शंकाओं का भी समाधान किया।

### नवीनतम तकनीक पर की चर्चा

अतिथि वक्ता हरविंदर सिंह केंबो ने अपने प्रस्तुतिकरण के प्रारंभ में सस्टेनेबल डेवलपमेंट के विभिन्न कारकों को समझाया। उन्होंने टेलीकॉम के क्षेत्र उपलब्ध नवीनतम तकनीक आईओटी, क्लाउड कम्प्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बिग डेट एनालिटिक्स, ब्लॉक चैन तकनीक एवं फाइव जी नेटवर्क के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए चर्चा की। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र तथा बी एस एन एल के अधिकारी, बी आई टी दुर्ग, भारती कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एवं शैक्षणिक संस्थानों के संकाय सदस्य के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सिद्धी चौबे तथा आभार प्रदर्शन सचिव बसंत साहू ने किया।

### संचार माध्यम में आया व्यापक बदलाव

विशिष्ट अतिथि वी के छबलानी ने कहा की उन्होंने अपने 30 वर्ष से अधिक के सेवा काल में संचार माध्यम में आये व्यापक बदलाव को बहुत करीब से देखा है। बदलाव की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि टेलीग्राफ मोर्स कोड के जमाने से वाई फाई तक का सफर एक सुखद परिवर्तन है जिसने मानव जीवन को सरल और सुगम बनाया है। श्री छबलानी ने भारत में टेलिकॉम सेक्टर के विकास यात्रा साझा करते हुए बताया कि आज पुरे विश्व में टेलीफोन संख्या के लिहाज से भारत द्वितीय स्थान पर है तथा इस क्षेत्र में विदेशी निवेश पर चौथे स्थान पर। उन्होंने कहा की डिजिटल डिवाइज यानी जो लोग आधुनिक संचार उपकरणों का प्रयोग सुगमता से कर रहे हैं और जो लोग इससे वंचित हैं यह हमारे विकसित समाज और सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती रही है और बीएसएनएल ने इस अंतर को कम करने में बहुत बड़ी भूमिका अदा की है। श्री छबलानी ने कहा कि बीएसएनएल को 4 जी लाने में थोड़ा समय लगा पर हमने आत्म निर्भर भारत के तहत काम करते हुए स्वदेशी तकनीक के विकास पर जोर दिया। उन्होंने भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में एफ टी टी एच हर घर फाइबर योजना के द्वारा डिजिटल डिवाइड के अंतर को कम करने के बारे में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।

## सिटी इवेंट

### प्रदेश का स्टार्टअप, विदेशों में दे रहा है अपनी सेवाएं, युवाओं को मिला लाभ



**भिलाई।** स्टार्टअप्स में भारत का डंका बज रहा है। अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बन गया है भारत। ऐसे में प्रदेश के स्टार्टअप दी आई-स्केल ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जिसकी प्रशंसा देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दवरा की जा चुकी है। प्रदेश में जन्में इस स्टार्टअप की कहानी नई दिल्ली तक पहुंची थी। स्टार्टअप के फाउंडर्स निशांत धोटे एवं स्वाति धोटे ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद ने उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा था कि भारत अमृतकाल के इस दौर में है जहाँ स्टार्टअप देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रहे हैं, ऐसे में शिक्षा के क्षेत्र में दी आई-स्केल द्वारा किया जा रहा कार्य महत्वपूर्ण है।

**छोटे शहर में जन्मा स्टार्टअप विदेशों में भी अपनी सेवाएं दे रहा है:** शिक्षा के क्षेत्र में किया गया यह स्टार्टअप, आज भारत के अलावा विदेश के अन्य देशों जैसे अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, मलेशिया, दुबई, नेपाल, बांग्लादेश, कनाडा इत्यादि के लोगों को भी अपनी सेवाएं दे रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस एंड एनालिटिक्स, मशीन लर्निंग एवं इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के अप-स्किलिंग प्रोग्राम्स के माध्यम से आज इस स्टार्टअप में 1 लाख से भी अधिक लोग जुड़कर सेवाओं का लाभ ले रहे हैं।

**लाखों का पैकेज छोड़, प्रदेश में किया स्टार्टअप:** फाउंडर निशांत धोटे ने अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूर्ण की एवं उन्होंने भारत के ग्रामीण इलाकों एवं छोटे शहरों के युवाओं की पीड़ा को समझा और ये एहसास किया कि भारत में स्किल गैप की समस्या से बड़ा प्रॉब्लम है देश में फाइनेंशियल गैप का होना। उन्होंने लोगों की मदद करने के लिए महज एक व्हाट्सएप ग्रुप और वर्चुअल वर्कशॉप के साथ इसकी शुरुआत एक छोटे से कमरे से की थी, जो आज बहुत ही कम समय में एक प्रॉफीटेबल स्टार्टअप के रूप में देश में स्थापित है और अफॉर्डेबिलिटी के साथ लाखों लोगों की मदद कर पा रहा है। निशांत एवं स्वाति को-फाउंडर्स होने के साथ-साथ सगे भाई-बहन भी हैं। स्वाति ने बताया कि उनके बड़े भाई उनकी प्रेरणा हैं। मल्टीनेशनल कंपनी में कुछ वर्षों तक काम करने के बाद उन्होंने लाखों के पैकेज की नौकरी को छोड़कर अपने प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में स्टार्टअप में कार्य करने का निर्णय लिया और आज देश-विदेश में हम अपनी सेवाएं दे पा रहे हैं।

# दिन की शुरुआत और अंत सकारात्मक ढंग से करने के दिए गए टिप्स



**भिलाई।** आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग आर्य नगर दुर्ग में संपन्न हुआ। सत्संग के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आर्य समाजी सतीश चन्द्र रहे। सतीश ने सभी को मंत्रो को पढ़ने, याद रखने और उनको प्रयोग में लाने का संदेश दिया। उन्होंने सत्संग के दौरान कहा कि सुबह सोकर उठने के बाद सुबह मंत्र, भोजन के समय भोजन का मंत्र और सोने के समय शयन कालीन मंत्र का पाठ करना चाहिए। यदि आवश्यकता हो तो सभी को एक छोटी सी बुक बनानी चाहिए जिसने मंत्र हो और उसे अपने साथ रखना चाहिए। प्रातः कालीन मंत्रों के पाठ से दिन की शुरुआत करने से सकारात्मक ऊर्जा बनी रहती है और व्यक्ति दिनभर पवित्र विचारों से अपनी ऊर्जा का उपयोग करता है। रात्रि में शयन करते हुए हम जो प्रार्थना करते हैं उसमें अपने मन को शिव संकल्पना वाला बनाने की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने आर्य वीर दल दुर्ग के द्वारा चलाए जा रहे प्रतिदिन की शाखा की सराहना की। साथ ही सभी माता-पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को भी शाखा में भेजे। सत्संग के अंत मे दीपक द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान साक्षी, कविता, किरण, निधि, वेदिका, कृष्णमूर्ति, कौशल, लोमेश, अतुल, कान्हा, आयुष सहित दीपक परिवार सहित सत्संग में उपस्थित रहें।

# भीषण गर्मी में राहगीरों के कंठ को तर करने बांटा जलजीरा व छांछ

**भिलाई।** प्रतिदिन बढ़ रही तेज गर्मी में तरल पदार्थ ही सहारा है। विशेष काम से घर से निकले राहगीरों के कंठ को तर करने समाजसेवीजन सेवाकार्य में लगे हुए है। इसी कड़ी में रिसाली की वूमेन पावर ग्रुप की महिलाओं ने भीषण गर्मी में राहगीरों को सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शरबत, जलजीरा, छाछ सहित फलों का वितरण किया। ग्रुप की अध्यक्ष प्रतिभा यादव ने बताया कि 45 सदस्य के इस ग्रुप की सभी महिलाएं सामाजिक कार्य में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती है। इस बार सेवाकार्य में छाछ, जलजीरा के साथ ही जरुरतमंदों को पानी के बोटल, बुजुर्गो को गमछा आदि भी वितरित किया । इस अवसर पर ग्रुप की सचिव मनीषा खांडेकर सहित अन्य महिलाएं विशेष रुप से उपस्थित रही।



## कार्नर न्यूज

10 जून को मनाया जाएगा गुरु अर्जुन देव शहीदी दिवस

# गुरु अर्जुन देव की याद में वितरित किया गया शरबत व चने का प्रसाद



**भिलाई।** गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा दुर्ग के सभी सेवादारों एवं सिख समाज दुर्ग के तत्वावधान में रविवार को शहीद चौक दुर्ग में गुरु अर्जुन देव की याद में छबील(शरबत) व चने का वितरण किया गया। सिखों के गुरु अर्जुन देव महाराज का शहीदी पर्व 10 जून को उनकी शहादत की याद में मनाया जाएगा। जिसके पूर्व सामाजिक जनों दवरा दुर्ग में उनकी याद में समर्पित आने-जाने वाले राहगीरों को ठंडी छबील और चने का प्रसाद बांटा गया। प्रधान सेवादार अरविन्दर सिंह खुराना ने बताया कि गुरु अर्जन देव जिन्होंने सिखों को बरकरार रखने के लिए बहुत प्रताड़ना सही। मुगलों ने उन्हें गर्म तवे पर बैठा कर एवं गर्म रेत डाल कर बहुत प्रताड़ित किया था। लेकिन गुरु अर्जन देव ने सिखी को नहीं छोड़ा और शहीद हो गये। जाते-जाते उन्होंने अपने अनुयायियों को हमेशा सच्चाई, सेवा



भाव की राह पर चलने को कहा।

सिख समाज पड़ रही इस भीषण गर्मी के समय ठंडी छबील और चने का प्रसाद का वितरण राहगीरों को करते रहते है ताकि इस गर्मी के मौसम में ठंडी छबील पिलाकर राहगीरों के गले को तर करते हुए गर्मी से सकून दे सकें। जिससे गुरु अर्जन देव के दिये हुए ज्ञान पर सभी अमल कर सकें।

श्री खुराना ने कहा कि सिख समाज हमेशा सेवाकार्य करने में अग्रणी रहा है और हमेशा किसी के भी दुख के समय उस दुखी के साथ खड़ा रहता है इसी उद्देश्य से समय-समय पर सिख समाज दवरा सेवाकार्य किए जाते है।

शहीद चौक दुर्ग में आयोजित इस सेवाकार्य में अरविन्दर सिंह खुराना, जातिंदर सिंह, इन्दरपाल सिंह भाटिया, जगजीत सिंह कलसी, सिकंदर सिंह, जसप्रीत सिंह भाटिया, परमजीत सिंह, अमृतपाल सिंह, भूपिन्दर सिंह, सतनाम सिंह भाटिया, मोनिंदर सिंह, मखन सिंह, सतबीर सिंह भाटिया, कुलबीर सिंह सलूजा, दिलबाग सिंह भाटिया, भूपिन्दर सिंह एवं सिख समाज के कई बच्चें, युवा व बुजुर्ग ने मिलकर सेवाकार्य में अपना योगदान दिया।



## सिटी इवेंट

# शहर के 350 वाहन चालकों ने स्वीकारा 21 दिन का चैलेंज




**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस के अभियान फॉलो गुड हेबिटस के तहत शहर के 350 वाहन चालको ने 21 दिनों के चैलेंज को स्वीकार किया है। ट्रैफिक डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि ट्रैफिक जोन प्रभारी द्वारा रविवार को सुर्या मॉल, ठगडा बांध, सिविक सेंटर एवं बडे तरिया में परिवार के साथ घुमने पहुचने वालों को अभियान के बारे में अवगत कराया। इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा चलाये जा रहे फॉलो गुड हेबिड का बैनर पोस्टर एव पॉम्प्लेट के माध्यम जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि 21 डे चैलेंज से अवगत कराते हुए बताया गया कि यदि 21 दिन तक लगातार दो पहिया वाहन चालन के दौरान हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहन चालन सीट बेल्ट लगाते हो तो 22वें दिन से वे आपके अच्छी आदत में सुमार होगा। बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट लगाये वाहन चलाते है तो आपको स्वयं असुरक्षित और असुविधाजनक महसूस होता है। 21 दिन का चैलेंज स्वीकार करके ट्रैफिक हेल्पनंबर नबंर 94791.92029 पर 350 वाहन चलाको के द्वारा रोज अपने वाहन चालन के दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर अपना फोटो शेयर करते है।

- ट्रैफिक पुलिस के अभियान को मिल रहा है रिस्पांस
- अच्छी आदतों का 21 दिनों तक अपने में करें शुमार

## धर्म लाइव

# वैदिक ज्ञान-विज्ञान संसार का सबसे पुराना ज्ञानः डॉ. अजय



**भिलाई।** आर्य समाज भिलाई के वैदिक विद्वान आचार्य डॉ अजय आर्य के प्रवचन का आयोजन बेंगलुरु में किया गया। कार्यक्रम के पूर्व चरण में एसपी कुमार फकीरे दयानंद के नेतृत्व में पवित्र अग्निहोत्र में श्रद्धालु जनों ने आहुति दी। वेद मंत्र का पाठ किया गया। आर्य समाज के पदाधिकारियों ने बच्चों को पुस्तक देकर सम्मानित किया। आर्य जनमानस ने भिलाई के वैदिक आचार्य डॉ अजय को गायत्री स्कंध वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वैदिक ज्ञान-विज्ञान संसार का सबसे पुराना ज्ञान है। मैक्स मूलर जैसे विद्वानों ने भी यह बात कही थी कि दुनिया के पुस्तकालय में ऋग्वेद से अधिक पुराण साहित्य कुछ भी नहीं है। वेद को मानने वाले ही सच्चे पौराणिक हैं।

### सनातन धर्म का मूल वेद ज्ञान

सनातन धर्म का मूल वेद ज्ञान है। आचार्य ने चुटकी लेते हुए कहा कि आजकल युवा कमला पसंद के शिकार होते जा रहे हैं मैं युवाओं से आग्रह करना चाहता हूं कमला पसंद को छोड़े और ईश्वर की पसंद को अपनाये। जब हम ईश्वर के निकट जाना चाहते हैं तो हमें उसके योग्य बनने का प्रयत्न करना चाहिए। महर्षि दयानंद सरस्वती ने ईश्वर स्तुति, प्रार्थना, उपासना के मंत्रों का अर्थ बताते हुए दो बातें स्पष्ट की हैं कि भक्ति का अर्थ है उसी की आज्ञा पालन करने में तत्पर रहे, वैदिक ज्ञान विज्ञान और अध्यात्म इसी बात का वर्णन करते हैं कि ईश्वर का गुण, कर्म, स्वभाव क्या है और ईश्वर को पसंद क्या है। ईश्वर सच्चाई, ईमानदारी, परोपकार, सेवा, त्याग, समर्पण को पसंद करता है। जो भी सच्चे भक्त हैं, वे इन्हीं कार्यों में स्वयं को लगाए रखते हैं। आर्य समाज के अधिकारियों ने कहा कि वे भिलाई वासियों का भविष्य में भी स्वागत करेंगे। आर्य समाज भिलाई भी वैदिक सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के साथ सेवा कार्य में अग्रणी है।

### ईश्वर की गोद में बैठने के बनें अधिकारी

स्वामी ने यह भी प्रार्थना की है कि हम सब ईश्वर की गोद में बैठने के अधिकारी बने। सच्चे, ईमानदार, परोपकारी व्यक्ति ही ईश्वर का सानिध्य प्राप्त कर सकते हैं। ईश्वर की उपासना करने से व्यक्ति की मलीनता समाप्त हो जाती है। इसीलिए उपासना से पहले पवित्रीकरण का विधान है। महर्षि दयानंद के सिद्धांत हम सबको जीने की कला सिखाते हैं। वैदिक शास्त्रों में भक्ति का जो गुण लिखा है वह यही है कि भक्त हमेशा प्रसन्न रहता है।

## कनौजिया समाज में भी गठित होगा महिला विंग

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कनौजिया सोनार समाज के प्रदेश अध्यक्ष तारकेश्वर स्वर्णकार,प्रदेश सचिव भागवत सोनी के आदेश के बाद समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सोनी, प्रदेश चुनाव प्रभारी परदेशी राम सोनी सिलयारी मंडल ( शाखा) ग्राम खरोरा में प्रदेश सहसचिव अनिल सोनी का निवास पहुचे। अनिल सोनी खरोरा नगर पंचायत के अध्यक्ष भी हैं। उन्होने राजेन्द्र कुमार सोनी, परदेसी राम सोनी का भगवा गमछा भेट कर सम्मानित किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सोनी,चुनाव प्रभारी परदेशी राम सोनी ने अनिल सोनी का आभार जताया है। इस दौरान समाजिक विषयों पर लंबी चर्चा हुई और समस्त शाखाओ पर महिला मंडल का गठन कर अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने की चर्चा हुई। अनिल सोनी ने फोन पर समाज के प्रदेश अध्यक्ष तारकेश्वर स्वर्णकार,प्रदेश सचिव भागवत सोनी से भी बातचीत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि समाज के कुछ स्थानों पर चुनाव कराना अति आवश्यक है और चुनाव प्रभारी इसे लेकर काम कर रहे है।



### श्रीमंत एशिया पैरा आर्म-रेसलिंग चैम्पियनशिप में भारत का करेंगे प्रतिनिधित्व

# वर्ल्ड पैरा आर्म रैसलिंग चैंपियनशिप में श्रीमंत हुए चयनित, अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में भेजने मां ने बेचे थे गहने

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के पैरा आर्म रेसलर श्रीमंत झा 20 से 27 मई तक उज़्बेकिस्तान में होने वाली एशिया पैरा आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर इंडिया टीम में अपनी जगह पक्की कर ली है। अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उनके द्वारा अच्छी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने अब तक विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश के लिए 46 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं। फिलहाल श्रीमंत की वर्ल्ड रैंकिंग तीसरी और एशिया में पहली है। श्रीमंत के पिता सदाशिव झा है।




### विकलांगता के कारण हुए खारिज, यही बना जीवन का टर्निंग प्वाइंट

श्रीमंत ने बताया कि कम उम्र में उन्हें जिस अस्वीकृति का सामना करना पड़ा, उससे उन्हें एथलीट बनने के लिए प्रेरणा मिली। नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ के रहने वाले 30 वर्षीय युवक को पहली बार रिजेक्शन का सामना तब करना पड़ा जब वह दसवीं कक्षा में थे। उन्होंने बताया कि जब मैं 10वीं क्लास में था, तब इंटर-स्कूल फुटबॉल नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेना चाहता था। 200 खिलाड़ी थे और मैंने शीर्ष-22 में जगह बनाई, लेकिन बाद में मेरी विकलांगता के कारण खारिज कर दिया गया। उन्होंने इसे अपने जीवन का टर्निंग प्वाइंट बताया। उन्होंने कहा कि उस वक्त मैंने सोचा था कि, मैं अपने देश के लिए मेडल जीतूंगा और फिर मैंने कड़ी मेहनत की और अब नतीजे सबके सामने हैं।




### बेहतर प्रदर्शन करने हौसलाआफजाई

श्रीमंत झा ने आगे कहा कि मुझे कॉलेज कैंपस के दौरान कई निजी संगठनों द्वारा अस्वीकार कर दिया गया था, क्योंकि मैं एक विकलांग व्यक्ति हूं और सैकड़ों प्रयासों के बाद जिंदल स्टील एंड पावर कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत हूं। श्रीमंत की इस उपलब्धि के लिए पीपल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष प्रीति झंगियानी, सचिव लक्ष्मण सिंह भंडारी, छत्तीसगढ़ प्रदेश आर्म रेसलिंग एसोसिएशन के प्रेसिडेंट जी सुरेश बाबे, सचिव श्रीकांत, कृष्ण साहू, कोच ऋषभ जैन ने शुभकामनाएं दी है।




### अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में जीत चुके 46 पदक

- छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मेडल जीतने वाले खिलाड़ी हैं श्रीमंत झा

श्रीमंत ने बताया कि वे स्कूल स्तर पर फुटबॉल खेलना चाहते थे, लेकिन उनके दाहिने हाथ के काम न करने के कारण उन्हें अस्वीकार कर दिया गया था। फिर उन्होंने पास के एक जिम में दाखिला लिया और पैरा-कुश्ती सीखी और अभ्यास करना शुरू किया। इससे पहले भी वे कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुके हैं। पैरालंपिक खिलाड़ी श्रीमंत वर्तमान में एशिया के नंबर एक और विश्व के नंबर तीन खिलाड़ी है। विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में श्रीमंत देश के लिए 46 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते चुके हैं। वे जिंदल स्टील एंड पावर में इंजीनियर पद पर कार्यरत है। पैरालंपिक श्रीमंत अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेकर छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश का मान बढ़ाएंगे।

## गुलमोहर के फूल...



**भिलाई।** उमस भरी गर्मी के बीच टाउनशिप में गुलमोहर के सुंदर फूल राहत दे रहे है। सेंट्रल एवेन्यू में जब गुलमोहर के फूल जमीन पर बिखरते है तो अलग खूबसूरती का नजारा होता है।

*(फोटो संजय पांडेय)*

### पारिवारिक पत्रिका मितवा का विमोचन

# दुर्ग राज कुर्मी समाज की बैठक में निपटाए गए सामाजिक प्रकरण



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षतरीय समाज दुर्ग राज का प्रकरण बैठक ग्राम मलपुरी में राज प्रधान दुलारी वर्मा एवं उनके कार्यकारिणी पदाधिकारी के नेतृत्व में रखा गया। सर्वप्रथम हमारे पुरोधा डॉ. खूबचंद बघेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रकरणों का निराकरण किया गया। बाकी कुछ प्रकरण किसी न किसी कारण अनुपस्थित रहे। जामुल नगर इकाई की सामाजिक पारिवारिक पत्रिका मितवा का विमोचन राज प्रधान एवं उनके टीम के द्वारा किया गया एवं रविवार 26 मई को नगर इकाई का अधिवेशन ग्राम जामुल में राज प्रधान के मुख्य अतिथि एवं पार्षद गण के अध्यक्षता में रेख राम बंछोर रामप्यारी वर्मा चुम्मन वर्मा अहिल्या वर्मा नीलकंठ वर्मा एवम्-रवि वर्मा के आतिथ्य में समपन्न होगा कार्यक्रम में बीआर मडरिया रमा शंकर वर्मा सुदेश बंछोर ईश्वर वर्मा राजेश वर्मा महेंद्र वर्मा दिनेश वर्मा साधना वर्मा विटावन वर्मा माधुरी वर्मा किरण वर्मा वेद प्रकाश वर्मा देव प्रकाश वर्मा डॉ गणेश वर्मा गोकर्ण वर्मा एवं पदाधिकारी के सभी सदस्य गण कार्यकारिणी एवं समाज की सभी प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित हुए

**26 को नगर इकाई अधिवेशन जामुल में**

### आन्ध्रा स्वर्णकार समाज का आयोजन

# धूमधाम से मनाया गया आराधना महोत्सव, सुहागिनों ने की कुमकुम पूजा



**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** आन्ध्रा स्वर्णकार समाज (विश्वब्राह्मण संघम) द्वारा श्री श्री श्री श्रीमद् विराट पोतुलुरी वीर ब्रह्मेन्द्र स्वामी का आराधना महोत्सव धूमधाम से मनाया। पहली बार विजयनगरम से लाए गई उत्सव मूर्ति की पूजन-आराधना को लेकर समाज के लोगों में काफी हर्षोल्लास दिखा। धार्मिक और उत्सवी माहौल में दिनभर महोत्सव के अनुष्ठान संपन्न हुए। सेक्टर-2, सड़क-15, गणेश पंडाल में आयोजित समारोह में भिलाई-दुर्ग के अलावा रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से भी समाज के लोग बड़ी संख्या में इस समारोह में शामिल हुए।



### समाज के वरिष्ठजनों का सिल्क का कंडुवा भेंटकर कर किया सम्मान

समाज के सचिव वी नरेश और वीएसएच श्रीधर ने बताया कि वैसे तो हर साल बैसाख शुक्ल पक्ष एकादशी को यह आराधना महोत्सव मनाया जाता है, लेकिन पहली बार उत्सव मूर्ति का पूजन व शोभायात्रा निकाली गई। सबसे पहले पोतुलुरी वीर ब्रह्मेन्द्र स्वामी की मूर्ति को गंगाजल से स्नान व अभिषेक किया गया। पश्चात श्री गणेश पूजा, रक्षा सूत्रधारण, दीक्षा सूत्रधारण कलश स्थापना, मण्डपाराधना, श्री वीर ब्रह्मेन्द्र स्वामी के साथ माता गोविंद माम्बा की कुमकुम पूजा एवं कल्याणम हुआ।इस महोत्सव में महिलाओं की कुमकुम पूजा हुई। समाज के वरिष्ठजनों का सिल्क का कंडुवा भेंटकर सम्मान किया गया। उपस्थित सभी सामाजिक भक्तजनों को स्वामी की छोटी प्रतिमा वितरित की गई। विजयनगरम से आए शहनाई वादकों की मधुर स्वरलहरियों की गूंज के बीच स्वामी को सुसज्जित रथ पर सवार कर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धा से सराबोर स्वामी के भक्त झूमते रहे। स्वामी को खासतौर पर बनाए गए महाप्रसाद का भोग लगाया गया। सभी भक्तों को महाप्रसाद वितरण करने के बाद सामूहिक अन्न समराधना हुआ। इसमें सभी ने भोग प्रसाद ग्रहण किया। अंत में कागड़ा प्रज्जवलन कर स्वामी को पुनः समाधिस्थ किया गया।

धर्म दर्शन

## किस दिन कैसा भोजन करने से सभी ग्रह होते हैं मजबूत?



ज्योतिष अनुसार हर दिन के हिसाब से भोजन करना चाहिए। ऐसा करने के पीछे ग्रहों को मजबूत करना मुख्य कारण होता है। जैसा ये तो सभी जानते हैं कि शनिवार का दिन शनि का होता है इसलिए इस दिन काली दाल का सेवन करना अच्छा माना गया है। इसी तरह हर दिन ग्रहों के हिसाब से भोजन किया जाए तो इससे जीवन में आने वाली परेशानियां कम हो सकती हैं।

**सोमवार :** नए सप्ताह की शुरुआत इस दिन से होती है। भगवान शिव का ये प्रिय दिन माना जाता है। इस दिन अपने खाने में सफेद चीजों को शामिल कर सकते हैं। जैसे बिना छिलके की उड़द की दाल, दूध, चावल, चीनी से बनी खीर इस दिन खाना बेहद ही शुभ माना जाता है। इससे चंद्रमा मजबूत होता है।

**मंगलवार :** भगवान हनुमान का प्रिय दिन है मंगलवार। इस दिन लाल वस्तुओं का सेवन करना और साथ ही दान करना शुभ माना जाता है। इस दिन मसूर की दाल, गुड़, अनार, जौ और शहद का सेवन करना चाहिए। इससे मंगल ग्रह मजबूत होता है।

**बुधवार :** गणेश जी अराधना का शुभ दिन है बुधवार। इस दिन बुध को मजबूत करने के लिए हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। इससे स्वास्थ्य के साथ-साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो जाएगा।

**गुरुवार :** गुरु ग्रह को मजबूत करने के लिए इस दिन चने की दाल, अरहर की दाल, पीली खिचड़ी, मूंग की दाल, हल्दी का सेवन करना चाहिए। इससे आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

**शुक्रवार :** सुख और समृद्धि के कारक शुक्र ग्रह को मजबूत करने के लिए शुक्रवार के दिन त्रिफला, दाल चीनी, मिश्री, मूली, सफेद शलजम, खीर का सेवन करना चाहिए। इससे आपकी आर्थिक स्थिति सुधरने लगेगी।

**शनिवार :** शनि ग्रह को मजबूत करने के लिए शनिवार को तिल, उड़द की दाल, काली मिर्च, लौंग, तेजपत्ता, काले नमक का खाने में प्रयोग करना चाहिए।

**रविवार :** सूर्य के शुभ प्रभाव के लिए इस दिन बिना नमक का भोजन करना चाहिए। साथ ही इस दिन चने की दाल और मूंग की दाल खाना भी शुभ माना गया है।

## शनि की उल्टी चाल से खुल जाएगी इन राशियों की किस्मत; राजा के समान होंगे 139 दिन



ज्योतिष शास्त्र में शनि की चाल का खास महत्व है। शनि देव जब कभी भी अपनी चाल बदलते हैं तो उसका असर राशिचक्र की सभी राशियों पर पड़ता है। ज्योतिष के मुताबिक, शनि देव इस वक्त अपनी मूल त्रिकोण राशि कुंभ में विराजमान हैं। जनवरी 2023 में शनि का स्वराशि कुंभ में प्रवेश हुआ था। शनि देव 2025 तक कुंभ राशि में ही संचरण करने वाले हैं, लेकिन उससे पहले शनि देव अपनी चाल बदलेंगे। शनि देव आने वाले 30 जून से 15 नवंबर 2024 तक वक्री चाल चलेंगे। शनि देव इस स्थिति में 139 दिनों तक रहेंगे। शनि की उल्टी चाल से इन राशियों को होगा खास लाभ।

**मेष राशि :** शनि की उल्टी चाल का मेष राशि से जुड़े लोगों को खास लाभ प्राप्त होगा। जीवन में भौतिक सुख के कई साधन प्राप्त होंगे। नौकरी-व्यापार में कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। करियर में जबरदस्त लाभ देखने को मिलेगा। जॉब में प्रमोशन हो सकता है।

**वृषभ राशि :** शनि वक्री की अवधि में यानी 139 दिनों तक जीवन के तमाम क्षेत्र में खास लाभ मिलेगा। इस दौरान रुक हुआ धन मिलेगा। किसी बड़े कर्ज से मुक्ति मिल सकती है। जो लोग सरकारी नौकरी के लिए लंबे समय से कोशिक रहे हैं, उन्हें शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत नजर आएगा।

**मकर राशि :** शनि की उल्टी चाल करियर के लिहाज से बेहद खास और लाभकारी है। इस दौरान बिजनेस में अच्छा खासा धन लाभ होगा। व्यापार में पहले किए हुए निवेश से धन लाभ होगा। नौकरी करने वालों को कार्यक्षेत्र में खूब तरक्की मिलेगी। साथ ही मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कुंभ राशि :** शनि-वक्री से कुंभ राशि को खास लाभ मिलेगा। इस दौरान कारोबार में जमकर आर्थिक लाभ होगा। करियर में खास प्रगति देखने को मिलेगी। फिजूलखर्जी पर लगाम लगाने में कामयाब होंगे। जिससे आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। घर-परिवार के बड़े सदस्यों के भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में तरक्की के लिए यह समय शुभ है।

**मीन राशि ;** शनि का वक्री होगा मीन राशि से जुड़े लोगों के लिए भी खास है। जो लोग शादीशुदा हैं उनके संबंधों में मिठास आएगी। परिवार के लोगों के बीच अच्छा सामंजस्य बना रहा रहेगा। अगर कोई बिजनस शुरू करना चाहते हैं तो यह समय अनुकूल रहेगा। नौकरी की तलाश करने वालों को अच्छा ऑफर मिलेगा।

### कच्चे प्याज का अधिक सेवन ब्लड शुगर लेवल को करता है प्रभावित

# लू से बचने के लिए खाते हैं जरूरत से ज्यादा कच्चा प्याज तो सेहत को होंगे ये नुकसान

प्याज ना सिर्फ सलाद की प्लेट सजाने के काम आता है बल्कि स्टार्टर में हल्के कच्चे प्याज के लच्छे स्वाद बढ़ाने का भी काम करते हैं। कई हेल्थ एक्सपर्ट तो गर्मी के साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए लोगों को कच्चा प्याज खाने की सलाह भी देते हैं। कच्चा प्याज खाने से लू और शरीर की गर्मी से बचाव किया जा सकता है लेकिन जरूरत से ज्यादा कच्चा प्याज खाने से सेहत को फायदे की जगह नुकसान होने लगता है। जी हां, कच्चे प्याज का अधिक सेवन ब्लड शुगर लेवल को प्रभावित करने के साथ पेट से जुड़ी कई समस्याएं भी पैदा कर सकता है। आइए जानते हैं जरूरत से ज्यादा कच्चा प्याज खाने से सेहत को होते हैं क्या नुकसान।





### एसिडिटी-

गर्मियों में सीमित मात्रा में कच्चा प्याज खाने से पेट की गर्मी शांत होती है लेकिन इसी मौसम में अगर आप प्याज का सेवन अधिक मात्रा में करने लगते हैं तो यह आपके लिए एसिडिटी का कारण बन सकता है। दरअसल, कच्चे प्याज में ग्लूकोज और फ्रक्टोज की मात्रा अधिक होती है। अगर आप जरूरत से ज्यादा ग्लूकोज और फ्रक्टोज लेते हैं, तो शरीर में शुगर का लेवल बढ़ सकता है। ऐसे में खाने के साथ कच्चे प्याज को पचाने में दिक्कत आ सकती है और व्यक्ति को अपच और एसिडिटी की समस्या हो सकती है।

### डायबिटीज रोगी शुगर चेककर सेवन करें

अगर आपका ब्लड शुगर लो रहता है, तो एक निश्चित मात्रा से अधिक प्याज का सेवन ना करें। ऐसा करने से आपका ब्लड शुगर लेवल और ज्यादा लो हो सकता है। डायबिटीज रोगी प्याज का सेवन करते हैं, तो अपना ब्लड शुगर चेक करते रहें।

### कब्ज और पेट दर्द-

अधिक मात्रा में कच्चा प्याज खाने से कब्ज और पेट दर्द की समस्या भी हो सकती है। प्याज में मौजूद फाइबर की अधिकता पेट दर्द और कब्ज की समस्या का कारण बन सकती है।

### एलर्जी और सीने में जलन-


जिन लोगों को प्याज का सेवन करने से किसी तरह की एलर्जी होती है, उन्हें प्याज का सेवन डॉक्टर से पूछकर ही करना चाहिए। ऐसे लोगों को प्याज रिएक्शन के रूप में सीने में जलन, एसिड रिफ्लक्स, एलर्जी जैसे खुजली- सूजन से लेकर सांस लेने में तकलीफ तक महसूस हो सकती है।

### माइग्रेन-

कुछ व्यक्तियों के लिए कच्चा प्याज खाना माइग्रेन की समस्या को बढ़ा सकता है। प्याज में टायरामाइन होता है, जो सिरदर्द की समस्या को बढ़ा सकता है। यदि कोई व्यक्ति माइग्रेन से जूझ रहा है तो उन्हें यह सलाह दी जाती है कि वह कच्चे प्याज का सेवन संभलकर करें।

## दाद, खाज और खुजली की समस्या में रामबाण हैं कई घरेलू नुस्खे

दाद, खाज और खुजली एक स्किन इन्फेक्शन है, जिससे गर्मियों में कई लोग परेशान रहते हैं। अगर आप भी हाथों-पैरों या प्राइवेट पार्ट्स पर होने वाली खुजली या दाद से तंग आ गए हैं और घरेलू नुस्खों की मदद से इससे छुटकारा पाना चाहते हैं, तो हम यहां इसे दूर करने के उपाय आपके लिए लेकर आए हैं। घर में ही मौजूद हल्दी, नींबू और टमाटर आपको इस समस्या से निजात दिला सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।



### मुल्तानी मिट्टी

दाद वाली जगह पर मुल्तानी मिट्टी लगाने से भी त्वचा को खुजली और रेडनेस से राहत मिलती है। इसके लिए आप एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में कुछ बूंद गुलाब जल मिलाएं और इसे उस एरिया पर लगा लें। जब यह सूख जाए, तो इसे ठंडे पानी से धो लें।

### नींबू और टमाटर

दाद से राहत दिलाने में टमाटर और नींबू का नुस्खा भी काफी असरदार है। इसके लिए आपको दोनों के रस को निकाल लेना है और इसमें इमली के बीजों का पाउडर मिलाकर दाद वाली जगह पर लगा लेना है। यकीन मानिए, इससे आपका दाद फैलने से तो रुकेगा ही, साथ ही धीरे-धीरे गायब भी होने लगेगा।

### गेंदे के फूल

कम ही लोग जानते हैं कि गेंदे के फूल दाद के इलाज के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं। आपको इसका पेस्ट बनाकर दाद वाली जगह पर लगा लेना है और सूखने देना है। बता दें, गेंदे के फूलों में एंटी एलर्जी और एंटीफंगल प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं, जो त्वचा से जुड़ी कई समस्याओं का इलाज कर सकती हैं।

### कपूर और नारियल तेल

कपूर और नारियल तेल से भी आप दाद, खाज और खुजली से छुटकारा पा सकते हैं। बता दें, इसके लिए आपको कपूर को पीसकर इसमें नारियल तेल मिलाना है और फिर दाद वाली जगह पर लगा लेना है।

## दही से जुड़े मिथकों पर क्या आप भी करते हैं विश्वास? चौंका देगी सच्चाई

गर्मियों के मौसम में दही खाना सेहत के लिए अच्छा माना जाता है। इसे खाने से पेट में गुड बैक्टीरिया का बैलेंस ठीक रहता है। कहा तो ये भी जाता है कि इससे पेट की गर्मी शांत होती है और डाइजेशन बेहतर होता है। वहीं दही कैल्शियम और फॉस्फोरस जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसे लेकर भी कई तरह के मिथक सामने आते हैं। ऐसे में आयुर्वेदिक एक्सपर्ट ने दही से जुड़े कुछ फैक्ट्स और मिथकों को शेयर किया है।



एक्सपर्ट कहते हैं कि दही स्वाद में खट्टा, गर्म प्रकृति का और पचने में भारी होता है। यह चर्बी बढ़ाता है ऐसे में जो लोग वजन बढ़ाना चाहते हैं उनके लिए ये अच्छा माना जाता है। इससे ताकत में सुधार होता है और कफ और पित्त बढ़ता है।

### दही से जुड़े मिथक

- ये ठंडा होता है। दही को रात में खा सकते हैं। दही वजन घटाने में मदद करता है। दही आसानी से पच सकता है। दही गर्मियों में खाते हैं। डायबिटीज पेशेंट के लिए अच्छा है।

दही के बारे में आयुर्वेदिक फैक्ट्स

- जब सर्दी जुकाम होता है तो अक्सर दही को गर्म करके खाने की सलाह दी जाती है। हालांकि, गर्म करने के कारण यह अपने गुण खो देता है।
- मोटापा, कफ विकार, रक्तस्राव विकार और सूजन की स्थिति वाले लोगों को दही से परहेज करना सबसे अच्छा है।
- रात के समय कभी भी दही नहीं खाना चाहिए। आप दही खाना चाहते हैं, तो इसे कभी-कभार दोपहर के दौरान और कम मात्रा खाएं।
- रोजाना दही नहीं खाना चाहिए। हालांकि, दही से बनी छाछ रोजाना पी जा सकती है। आप छाछ में सेंधा नमक, काली मिर्च और जीरा जैसे मसाले भी मिला सकते हैं।
- दही को फलों के साथ न मिलाएं क्योंकि इसे लंबे समय तक खाने से मेटाबॉलिज्म संबंधी समस्याएं और एलर्जी हो सकती है।
- दही मांस और मछली के साथ बेकार माना जाता है। चिकन, मटन या मछली जैसे मांस के साथ पकाया गया दही शरीर में विषाक्त पदार्थों को बढ़ाता है।
- एक छोटी कटोरी ही काफी होता है। बहुत ज्यादा मात्रा में इसे खाने से नुकसान हो सकता है।



## ये 12 नायाब रत्न दूर कर सकते हैं कई प्रकार की बीमारियां

रत्नों को प्रकृति का हमें दिया गया अनमोल और बेजोड़ उपहार माना जाता है। ज्योतिष विद्या में रत्नों का विशेष महत्व बताया गया है। विभिन्न प्रकार के रत्नों को धारण करके जहां ग्रह दशा और दरिद्रता दूर की जा सकती है। वहीं इन्हीं रत्नों के माध्यम से स्वास्थ्य की समस्याओं से भी छुटकारा पाया जा सकता है। ऐसे ही 12 रत्नों के बारे में जिनको धारण करके आप स्वास्थ्य की कई समस्याएं दूर कर सकते है।

**ओनेक्स स्टोन पन्ना का उपरत्न :** यह पन्ना का उपरत्न है, जिसका ज्योतिष में विशेष महत्व बताया गया है। इसको धारण करने से आपके आस-पास की वायु शुद्ध होती है और सांस की तकलीफें दूर होती हैं। ओनेक्स घर की निगेटिव एनर्जी को भी समाप्त करता है।

**स्फटिक कहलाता है लव स्टोन :** ज्योतिष में स्फटिक को लव स्टोन भी कहते हैं। यह तनाव और चिड़चिड़ापन दूर करता है। साथ ही दिमाग की उलझन को भी कम करता है। शुक्र ग्रह से संबंधित होने के कारण इसे प्रेम संबंधी मामलों के लिए भी शुभ माना गया है।

**जामुनिया नीलम का उपरत्न :** यह सिरदर्द और थकान को दूर करके आपको राहत देता है। इसके साथ ही अच्छी नींद के सुंदर स्वप्न को भी बढ़ावा देता है। यह त्वचा के लिए भी अच्छा माना जाता है और साथ ही हड्डियों और जोड़ों को भी मजबूती प्रदान करता है।

**सुनहला गुरुवार को धारण करें :** इसको गुरुवार के दिन धारण करना शुभ माना जाता है। यह रत्न एकाग्रता बढ़ाने के साथ ही याददाश्त को मजबूत करता है और साथ ही रचनात्मकता को भी बढ़ावा देता है।

**लाजवर्त माइग्रेन से दिलाता है मुक्ति :** यह एक बहुत ही प्राचीन रत्न है। इसका प्रयोग माइग्रेन से राहत पाने के लिए किया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रतिरक्षा तंत्र को भी मजबूत करता है।

**ओपल रत्न पहनने के फायदे :** इसको धारण करने से व्यक्ति



को एक नई ऊर्जा का एहसास होता है। साथ ही यह रचनात्मकता को भी बढ़ावा देता है। ओपल को पहनने से व्यक्ति को सिरदर्द की समस्या से मुक्ति मिलती है।

**पुखराज रत्न है अद्भुत :** पुखराज को ज्योतिषियों का पसंदीदा रत्न माना जाता है। यह हॉर्मोन का संतुलन बनाए रखने के साथ ही व्यक्ति को जवां बनाए रखता है।

**बैरूंज रत्न पेट को देता है लाभ :** इसे एक्वामरीन भी कहते हैं। इसको पहनने से व्यक्ति को पेट की समस्याओं से छुटकारा मिलता है। यह गैस बनने की समस्या को दूर करके व्यक्ति के पाचक को सही रखता है।

**जेड स्टोन के फायदे :** यह व्यक्ति की एड्रीनल ग्रंथि के स्त्रावण को नियमित करता है। इसके साथ खून को भी शुद्ध करता है। इसके अलावा सिरदर्द की समस्या को भी दूर रखता है।

**गोमेद दूर करता है यह समस्याएं :** ज्योतिष में राहु की दशा होने पर गोमेद पहनने की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही यह रत्न पीठ के दर्द से राहत दिलाता है। यह शरीर से कैल्सियम की कमी को दूर करके शरीर में टिश्यू का फिर से निर्माण करता है।

**ब्लडस्टोन का काम :** इसको धारण करने वाले जातकों के लिए यह रामबाण का काम करता है। इसको धारण करने से ब्लड प्रेशर की समस्या दूर रहती है और ब्लड सर्कुलेशन भी सही रहता है। यह सर्दी जुकाम की समस्या को भी दूर रखता है।

**एगोट अर्थात सुलेमानी के लाभ :** यह आपके शरीर से दूषित पदार्थों को दूर करने में मदद करता है। साथ ही तनाव और अवसाद की स्थित में भी लाभ पहुंचाता है।

कार्नर न्यूज

### दिमाग में गैरजरूरी बातें भरी हों तो इंसान का माइंड ठीक तरीके से वर्क नहीं करता

# सोच-सोचकर दिमाग थक गया हो तो उसे ऐसे करें रिलैक्स, माइंड होगा क्लियर

*दिमाग भी कई बार सोचते-सोचते थक जाता ऐसे में जरूरी है कि उसे रिलैक्स किया जाए। जिस तरह कामवाली जगह पर गंदगी और गैरजरूरी सामान रखे हो तो काम करना मुश्किल हो जाता है। उसी तरह से अगर दिमाग में भी गैरजरूरी बातें भरी हों तो इंसान का माइंड ठीक तरीके से वर्क नहीं करता। ऐसे में जरूरी है कि माइंड को क्लियर किया जाए। जिससे आपके विचार भी साफ होंगे और आपके लिए हर काम को करना भी आसान हो जाएगा। माइंड को रिलैक्स और क्लियर करने के लिए इन कामों को करना चाहिए।*



### ध्यान से काम करना जरूरी है

दिमाग को सही दिशा में काम करने के लिए ट्रेंड करना जरूरी है। इस काम में मेडिटेशन मदद करता है। मेडिटेशन करने से ना केवल दिमाग को एक दिशा में काम करने में मदद मिलती है बल्कि स्ट्रेस भी दूर होता है। अगर मेडिटेशन करने के बाद भी आप एकाग्र होकर काम नहीं कर पा रहे हैं, तो भी एक काम को एक बार में करने की कोशिश करें। जिससे कि आ रहे दूसरे विचारों को पीछे करने में मदद मिले।

### अपने सेंस को महसूस करें

जब भी काम के बीच में दूसरे विचार आने लगे तो फौरन अपने आसपास आ रही आवाजों पर ध्यान केंद्रित करें। या फिर जिस चीज को आप छू रहे उसे महसूस करें या फिर चेहरे पर लग रही हवा को महसूस करें।

### ब्रीद पर फोकस करें

काम के बीच में अगर स्ट्रेस के विचार आने लगे तो फौरन गहरी सांस लें। धीरे-धीरे सांस लें और फिर उसे छोड़ें। ऐसे करके अपने काम को फिर से शुरू करें।

### लिखना शुरू करें

जब भी माइंड में स्ट्रेसफुल विचार आने लगे तो इसे लिखने की कोशिश करें। लिखना हमेशा आसान नहीं होता लेकिन रिसर्च के मुताबिक लिखने से दिमाग में चल रहे कई सारे अजीब विचारों से छुटकारा मिलता है। इससे कॉग्निटिव फंक्शन और वर्किंग मेमोरी स्मूदली काम करते हैं और स्ट्रेस से आराम मिलता है।



### पर्याप्त नींद लें

पर्याप्त मात्रा में नींद लेना जरूरी है। जब भी शारीरिक रूप से थकान महसूस हो तो पूरी नींद लें। नींद पूरी ना होने से मेंटल हेल्थ पर निगेटिव असर पड़ता है। इससे प्रॉब्लम सॉल्व करने की क्षमता पर असर पड़ता है और आप ठीक से निर्णय लेने में खुद को सक्षम महसूस नहीं कर पाएंगे। इसलिए शरीर के साथ ही दिमाग को रिलैक्स करने के लिए पर्याप्त नींद जरूरी है।

### आसपास सफाई रखें

हर काम को कल पर टालने की आदत ठीक नही है। अपने अपने आसपास की सफाई करने से दिमाग में चल रहीं फालतू की बातों को निकालने में मदद मिलती है। आसपास की गंदगी का दिमाग पर बहुत असर पड़ता है। इसलिए वर्क डेस्क और आसपास की चीजों को साफ-सुथरा रखें।

## फिल्म इवेंट

### बॉलीवुड

## ड्रग्स स्कैम का शिकार होने से बाल-बाल बचीं आलिया की मां सोनी



**मुंबई।** एक्ट्रेस आलिया भट्ट के परिवार से जुड़ी एक ऐसी खबर सामने आई है जिसे सुनकर आर सब शॉक्ड हो जाएंगे। खबर है कि उनकी मां सोनी राजदान हाल ही में ड्रग्स स्कैम का शिकार बनने से बाल-बाल बच गईं। सोनी राजदान ने हाल ही में अपने साथ हुए इस घटना के बारे में अपने इंस्टा पर पोस्ट शेयर कर के जानकारी दी है, जिसमें उन्होंने बताया है कि उनके साथ स्कैम हुआ है, वो भी ड्रग्स का। सोनी ने बताया कि- 'बहुत बड़ा स्कैम हम लोगों के आसपास चल रहा है। किसी ने मुझे फोन किया और कहा कि वो दिल्ली कस्टम से बोल रहा है और उन्होंने कहा कि मैंने गैरकानूनी ड्रग्स ऑर्डर किए हैं। साथ ही उन्होंने मुझसे ये भी कहा कि वो पुलिस से भी ताल्लुक रखते हैं। इसके बाद उन्होंने मुझसे मेरा आधार कार्ड नंबर मांगा। जैसे मेरे पास कॉल आई, उसी तरह मेरे जानने में कुछ और लोगों के पास कॉल आ चुकी है। ये लोग पहले फोन करके आपको डराते हैं, धमकाते हैं और इसी तरह बात करके आप लोगों से मोटा पैसा लेने की कोशिश करते हैं। लेकिन मेरे इस पोस्ट का उद्देश्य ये है कि आप लोग इनकी बातों में मत फंसना और न ही इनकी बातों में आना।

### भोजपुरी

## कभी घरों में जाकर गाना गाते थे पवन सिंह, आज है करोड़ों के मालिक



**नई दिल्ली।** पवन सिंह, जिन्हें पावर स्टार के नाम से भी जाना जाता है, भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार एक्टर और सिंगर हैं। भोजपुरी इंडस्ट्री के सुपरस्टार पवन सिंह आज किसी पहचान के मोहताज नहीं है लेकिन क्या आप जानते हैं कि पवन सिंह का बचपन काफी गरीबी में बीता है। बता दें कि आज के समय में करोड़ों की प्रॉपर्टी के मालिक पवन सिंह एक वक्त पर लोगों के घरों में गाना गाया करते थे। बिहार के आरा के रहने वाले पवन सिंह का बचपन बहुत गरीबी में बीता है। बचपन से ही एक्टर घर का खर्चा चलाने के लिए लोगों के घरों में होने वाले कार्यक्रमों में कुछ रुपए लेकर गाना गाया करते थे। आज पवन सिंह की कुल संपत्ति 6 से 8 मिलियन डॉलर यानी लगभग 50 से 70 करोड़ रुपये है। एक्टर की कमाई का जरिया उनकी फिल्में हैं, यही वजह है कि वह एक फिल्म के लिए लाखों रुपये चार्ज करते हैं। पवन सिंह एक फिल्म में काम करने के लिए 40 से 50 लाख रुपये की फीस लेते हैं और वह आमतौर पर साल में एक या दो फिल्मों में नजर आते हैं। साथ ही वह एक गाने के लिए 2 से 3 लाख रुपये भी चार्ज करते हैं। पवन सिंह सालाना 3 से 5 करोड़ रुपए तक कमाते हैं। पवन सिंह के पास मुंबई के लोखंडवाला में एक आलीशान फ्लैट भी है, जिसकी कीमत 3 करोड़ रुपये है। मुंबई से लेकर बिहार तक उनकी कई संपत्तियां हैं। पवन सिंह को लग्जरी और एसयूवी कारों का भी शौक है। उनके पास 78 लाख रुपये की मर्सिडीज बेंज कार के साथ-साथ टोयोटा फॉर्च्यूनर, महिंद्रा स्कॉर्पियो और रेंज रोवर जैसी गाड़ियां हैं।

### तमिल

## फिल्मों में आने के बाद भी सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था साउथ का ये विलेन



साउथ के दिग्गज कलाकार ने ब्लॉकबस्टर फिल्म 'बाहुबली' में अपने दमदार अभिनय के लिए खूब वाहवाही बटोरी थी और वो कलाकार है बाहुबली के बिज्जलदेव उर्फ नास्सर। नास्सर को बचपन से ही एक्टिंग का शौक था। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत साल 1985 में आई तमिल फिल्म 'कल्याण अगाथिगल' से की थी। इस फिल्म उनका रोल भले ही छोटा था, लेकिन नास्सर के लिए ये किसी सपने से कम नहीं था। ये रोल पाकर वह काफी खुश थे। कई सालों तक दर-दर भटकने के बाद भी उन्हें इंडस्ट्री में काम नहीं मिला। फिर अपने घर वालों का पेट पालने के लिए एक्टर ने वेटर और सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करनी शुरू कर दी लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। उनका हौसला अभी भी बुलंद था। डेब्यू के दो साल बाद नास्सर ने 'वेलाकरण' और 'वन्ना कानवुगल' में निगेटिव रोल कर वह छा गए। अभिनेता ने रोजा, वीरम, खुशी, चाची 420 , रावड़ी राठौर, रमैया वस्तावैया, थलाइवी जैसे कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। देखते ही देखते नास्सर ने इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। वहीं बाहुबली में भी उनके बिज्जलदेव किरार को खूब पसंद किया गया।





गर्मी के मौसम में सभी आरामदायक कपड़े पहनना पसंद करते हैं। महिलाओं की बात की जाए तो इस सीजन में कुर्ती पहनना हर महिला को पसंद आता है। यह पहनने में कंफर्टेबल तो होती ही है साथ ही स्टाइलिश लुक भी देती है। गर्मी का सीजन शुरू हो चुका है ऐसे में अगर आप भी यह सोच रही है कि इस समर सीजन में हर तरह का आउटफिट कंफर्टेबल रहेगा। आप कुर्तियां पहनकर खूबसूरत और आकर्षक लगेंगी। इस तरह की कुर्तियों को आप जींस, ट्राउजर, प्लाजो या फिर सलवार के साथ पहन कर कहीं भी जा सकती हैं।

## आंखों के आसपास की स्किन ढीली होकर लटक रही तो करें स्टेप मसाज, दूर होगी हूडेड आई प्रॉब्लम

आंखों के आसपास की स्किन काफी कोमल और सेंसेटिव होती है। ऐसे में 30 की उम्र पार होने के साथ ही स्किन केयर में की गई लापरवाही से हूडेड आई प्रॉब्लम होने लगती है। जिसमें आंखों के ऊपर और आईब्रो के नीचे की स्किन ढीली होने लगती है। इस जगह पर स्किन की इलास्टिसिटी लगभग खत्म हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए इन 3 स्टेप मसाज को फॉलो करें जो हूडेड आई प्रॉब्लम से जल्दी ही छुटकारा दिला देगी।

**स्टेप 1**-कम उम्र में ही अगर आंखों के ऊपर की स्किन ढीली होकर लटकने लगी है तो इसे सही एक्सरसाइज की मदद से ठीक किया जा सकता है। सबसे पहले आईब्रो को उंगलियों की मदद से ऊपर की तरफ खींचे। फिर आईब्रो के नीचे के एरिया पर पहली उंगली के पोर की मदद से दबाते हुए साइड तक ले जाएं। इस प्रोसेस को करीब पांच से सात बार दोहराएं।



**स्टेप 2**- फिर आईब्रो को एक हाथ की उंगलियों की मदद से ऊपर की तरफ टाइट रखें और दूसरे हाथ की उंगलियों को मोड़कर आंखों के ऊपर की स्किन को प्रेस करते हुए बाहर की तरफ खींचें। इस प्रोसेस को पांच से सात बार करें।

**स्टेप 3**-दो स्टेप फॉलो करने के साथ ही तीसरे स्टेप को भी फॉलो करें। इस स्टेप को करने के लिए अपने हाथों से आंखों के किनारे टेंपल वाले एरिया को उंगलियों की मदद से मसाज करते हुए एक साथ ऊपर और नीचे की तरफ स्ट्रेच करें। इस स्टेप को फॉलो करने के लिए दोनों हाथ की उंलियों की मदद लें। इन तीन स्टेप को फॉलो करने से आंखों के ऊपर ढीली होकर सिकुड़ने वाली स्किन वापस से रिलैक्स होकर टाइट होने लगेगी।

**ढीली स्किन के लिए करें ये उपाय:** इसके साथ ही पर्याप्त मात्रा में नींद लें। बर्फ के टुकड़े को समय-समय पर आंखों के आसपास रब करें। रात को सोने से पहले ऑलिव ऑयल की हल्के हाथ से मसाज करें।

## ट्रेंडी और स्टाइलिश तरीके से बांधें साड़ी और दिखें बोल्ड एंड ब्यूटीफुल

फैशन



साड़ी ऐसा परिधान है जो आपकी पूरी पर्सनैलिटी में ही निखार ला देता है। खास मौके पर अक्सर महिलाएं साड़ी पहनना ही पसंद करती हैं। अगर इस विशेष परिधान को थोड़े अनोखे, ट्रेंडिग और स्टाइलिश तरीके से बांधा जाए तो फिर कहने ही क्या। इन तरीकों से साड़ी पहनकर बाहर निकलने पर लोग आपको पलट कर देखने से खुद को रोक नहीं पाएंगे। आज हम आपको ऐसे ही तरीकों के बारे में बताएंगे।

**साड़ी एक अलग पहचान :** साड़ी की जगह अब दूसरे ट्रेंडी कपड़ों के पीसेज और ऑउटफिट्स लेते जा रहे हैं, लेकिन फिर भी हाथ से बुनी हुई छह गज की साड़ी की अपनी एक अहम पहचान है। इस भव्यता को आगे बढ़ाने के लिए इसे नित नए तरीके से कैरी करें तो यह और भी शानदार और प्रभावी लगती है, क्योंकि साड़ी केवल साड़ी नहीं विरासत और परंपरा की एक पहचान भी है।

बेल्ट के साथ पहनें: यदि आपको लगता है कि आपकी हैंडलूम साड़ी अब पुरानी हो चुकी है तो इसका मेकओवर करिए और पहन डालिए इसे नए अंदाज में। इसके लिए आपको कुछ नहीं करना बस इसे एक क्लासी बेल्ट या कोर्सेट के साथ पेयर करना है। इस तरह से साड़ी पहनने से आपके कर्व्स परफेक्ट दिखते हैं।



**रेट्रो विंटेज शर्ट के संग:** पुरानी साड़ी को अनोखे अंदाज में बांधना चाहती है तो रेट्रो विंटेज शर्ट स्टाइल कैरी करें। आप अपनी रेट्रो शर्ट के मोह को नहीं छोड़ पा रही हैं तो इसे आप सिंपल या हैंड पेंटेड साड़ी के साथ पहन सकती हैं। साड़ी पहनिए और उसके ऊपर इस शर्ट को पहन डालिए फिर आपको ब्यूटी आइकॉन बनने से कोई नहीं रोक सकता।

## गर्मियों में दिखना है कूल एंड स्टाइलिश तो इस तरह की ड्रेसेज को जरूर रखें पास


गर्मियों के सीजन में अगर आप मौसम के हिसाब से कपड़े पहनकर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो इन 5 तरह की ड्रेसेज को अपने वॉर्डरोब का हिस्सा जरूर बनाएं। जिससे घर से बाहर निकलते ही लोग आपकी स्टाइल की तारीफ करें।

**कफ्तान ड्रेसेज :** कफ्तान ड्रेस को काफी कंफर्टेबल ड्रेसेज में गिना जाता है। अगर आपको गर्मी ज्यादा लगती है तो कफ्तान ड्रेस को जरूर पास रखें। वेकेशन पर निकली हैं या फिर दोस्तों के साथ मूवी देखने। कफ्तान डिजाइन की कुर्ती या ड्रेस दोनों ही स्टाइलिश दिखेंगी।

**चिकनकारी कुर्ता या ड्रेस :** चिकनकारी के कपड़े गर्मियों में बेहद अट्रैक्टिव दिखते हैं। साथ ही ये कूल एंड एलिगेंट लुक देते हैं। आजकल चिकनकारी कुर्ते के साथ ही ड्रेसेज भी मार्केट में एविलेबल हैं। जिन्हें खरीदकर आप ट्रेंडी लुक पा सकती हैं।

**शार्ट कुर्ती :** अगर आप ऑफिस में कुछ एलिगेंट कैजुअल लुक चाहती हैं तो शार्ट कुर्तीज काफी अच्छा ऑप्शन है। स्लीवलेस, प्रिंटेड शार्ट कुर्ती डेनिम या क्रॉप ट्राउजर के साथ परफेक्ट नजर आएंगी।

**फ्लोरल प्रिंट ड्रेस :** अगर आप ब्रीजी लुक चाहती हैं तो पास में फ्लोरल प्रिंट की खूबसूरत सी ड्रेस जरूर रखें। किसी भी मौके पर आप इसे पहनकर खूबसूरत दिखेंगी और लुक पूरी तरह से समर सीजन वाला दिखेगा।



## बालों में गलत तरीके से अंडा लगाने से होते हैं बड़े नुकसान, जानें क्या है सही तरीका

बालों को घना, लंबा और चमकदार बनाने के लिए कई बार लोग अंडे का इस्तेमाल करते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं, जरूरत से ज्यादा बालों पर अंडे का इस्तेमाल फायदे की जगह नुकसान पहुंचाना शुरू कर देता है। अगर आप भी अपने हेयर केयर रूटिन में अंडे को जरूरी मानते हैं तो आइए जानते हैं इसके अधिक यूज से बालों को होते हैं क्या-क्या बड़े नुकसान।

**हेयर फॉल**-अंडे का हेयर मास्क लगाने से बाल मजबूत और मुलायम बनते हैं लेकिन आप अगर बालों पर अंडे का पीला हिस्सा लगाते हैं, तो इससे डैंड्रफ की समस्या पैदा होने लगती है। डैंड्रफ की वजह से होने वाली खुजली, जलन से हेयर फॉलिकल्स को



नुकसान पहुंचता है। जिससे बाल बेजान और कमजोर होकर टूटने लगते हैं।

**डैंड्रफ**-स्कैल्प ज्यादा ऑयली होने पर डैंड्रफ की समस्या बढ़ने लगती है। बता दें, अंडे का पीला भाग बालों और स्कैल्प में डैंड्रफ को बढ़ाता है। इस समस्या से बचने के लिए आप अंडे का सफेद हिस्सा बालों पर अप्लाई कर सकते हैं।

**बालों का ऑयली होना**-जिन लोगों के बाल ड्राई होते हैं, उनके लिए एग हेयर मास्क बालों को सिल्की और सॉफ्ट बनाने का काम करता है लेकिन जिन लोगों के बाल पहले से ही ऑयली हैं, उन्हें बालों पर अंडा लगाने से बचना चाहिए। ऐसे बालों पर अंडा लगाने से बाल और स्कैल्प और ज्यादा ऑयली हो सकते हैं। जिससे स्कैल्प में डैंड्रफ और इंफेक्शन का खतरा बढ़ सकता है।

**बालों में स्मेल का कारण**-अंडे की जर्दी बालों में लगाने से खराब स्मेल आने लगती है। दरअसल अंडे के योक में मौजूद तत्व बालों के प्राकृतिक तेल के साथ मिलकर स्मेल पैदा करते हैं। जिसे कई बार बर्दाश्त करना तक मुश्किल हो जाता है।

कार्नर न्यूज

### बिना दूध की चाय है काफी फायदेमंद

## चाय और कॉफी पीने वाले भी रहें सावधान आईसीएमआर ने जारी की गाइडलाइन

*इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) ने प्रोटीन पाउडर के साथ चाय और कॉफी पीने वालों को भी सतर्क किया है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन के साथ मिलकर आईसीएमआईर ने 17 गाइडलाइन निकाली है। जिससे कि लोगों को खानपान की स्वस्थ आदतों को प्रमोट किया जा सके। ये गाइडलाइन फिजिकल एक्टिव रहने और डाइट को मेंटन करने को लेकर है। चाय और कॉफी के शौकीन इसके नुकसान जानने के बाद भी चाय और कॉफी पीते हैं। लेकिन अब इससे होने वाले नुकसान के बारे में और कितनी मात्रा में पीना है, इसको लेकर गाइडलाइन दी है।*



**चाय-कॉफी भी है हेल्थ के लिए नुकसानदेह :** आईसीएमआर ने रिसर्च के मुताबिक ज्यादा मात्रा में चाय और कॉफी पीने से हेल्थ को कई तरह के रिस्क हैं। चाय और कॉफी में कैफीन की मात्रा होती है जो कि सेंट्रल नर्वस सिस्टम को प्रभावित करता है। जिससे साइकोलॉजिल सेहत पर असर पड़ता है।

**कितनी मात्रा में पिएं चाय और कॉफी :** गाइडलाइन के मुताबिक 150 मिली ब्रू कॉफी में 80 से 120 मिलीग्राम कैफीन होता है। वहीं इंस्टेंट कॉफी में 50 से 65 मिलीग्राम कैफीन होती है। जबकि चाय में 30 से 65 मिलीग्राम कैफीन की मात्रा होती है। आईसीएमआर के मुताबिक रोज करीब कैफीन पीने की मात्रा 300 मिलीग्राम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।

**कब पीना चाहिए चाय-कॉफी :** इसके साथ ही द इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने बताया कि चाय या कॉफी को खाने के कम से कम एक घंटा पहले या एक घंटा बाद में पीना ठीक है।

### ब्लैक टी के फायदे

- बिना दूध की चाय पीने से ब्लड सर्कुलेशन सही होता है।
- साथ ही कोरोनरी आर्टरी डिसीज और पेट के कैंसर का खतरा कम होता है।
- चाय और कॉफी की मात्रा को कम करने के साथ ही आईसीएमआर ने डाइट में फ्रूट, वेजिटेबल्स, साबुत अनाज, लीन मीट, सीफूड को शामिल करने की सलाह दी है। वहीं तेल, चीनी और नमक को खानपान में कम करने की सलाह दी है।



### चाय-कॉफी से होने वाले नुकसान

चाय-कॉफी में टैन्निस कंपाउड की मात्रा है जो बॉडी में आयरन अब्जॉर्ब करने से रोकती है। दरअसल, टैन्निस आयरन को पेट में ही बाइंड कर लेता है। जिसकी वजह से शरीर में आयरन की कमी होने लगती है और एनीमिया की समस्या पैदा हो सकती है।

-वहीं ज्यादा मात्रा में कॉफी पीने से ब्लड प्रेशर और कार्डियक डिसीज का खतरा रहता है।